*
ओड़िशा संस्करण
12 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 113

भाजपा 370 सीटें ला रही है : मोदी



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

पलाश
झारखण्ड

## सखी मंडल की महिलाओं का
## राज्यस्तरीय एक्सपोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर-सह-
# महिला महासम्मेलन

**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार

दिनांक : **12 फरवरी, 2024** | समय : **12.30 बजे अपराह्न**
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची

55 हजार महिला सखी मंडलों को आजीविका हेतु **₹825 करोड़** की सहायता और क्रेडिट सपोर्ट का वितरण



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 318636 (Rural Development) 23-24

**पलाश (झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी)**
**ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार**

www.epaper.azadsipahi.in

12 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 113




# भाजपा 370 सीटें ला रही है : मोदी

## कहा : लूट और फूट कांग्रेस की ऑक्सीजन

- 2023 में छुट्टी हुई थी, 2024 में सफाया तय

आजाद सिपाही संवाददाता

**झाबुआ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाबुआ में कहा, 'कांग्रेस जब सत्ता में होती है तो लूट करती है, जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाती है। लूट और फूट, यही कांग्रेस की ऑक्सीजन है।' रविवार को जनजातीय सम्मेलन में उन्होंने दावा करते हुए कहा, 'भाजपा अकेले 370 सीटें ला रही है। 2023 में कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, 2024 में सफाया तय है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजों से आप पहले ही बता चुके हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए आपका मूड क्या रहनेवाला है, इसलिए इस बार विपक्ष के बड़े-बड़े नेता पहले से ही कहने लगे हैं- 2024 में 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

इससे पहले प्रधानमंत्री ने सभास्थल पर रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए अस्थायी गैलरी बनायी गयी। उन्होंने 7550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कुछ प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया। पीएम ने



झाबुआ से ही खरगोन में 170 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मोदी लोकसभा प्रचार के लिए नहीं आया है। मोदी तो सेवक के तौर पर ईश्वर रूपी एमपी की जनता का आभार जताने आया है। पीएम ने पहले ही बता दिया है कि 2024 में 400 पार। लोकसभा चुनाव में अकेला कमल का निशान 370 का आंकड़ा पार करेगा। यह कैसे करोगे? मैं आपको एक जड़ी-बूटी देता हूं। आपको यहां से जाकर एक ही काम करना है। पिछले तीन चुनाव में आपके यहां पोलिंग बूथ में कमल पर कितने वोट पड़े, वो निकालो। यह लिख लो कि पिछले तीन चुनाव में इस पोलिंग बूथ पर सबसे ज्यादा वोट मिले थे। फिर आप तय करना कि अब जो ज्यादा से ज्यादा वोट बूथ में मिले थे, उसमें इस बार 370 नये वोट जुड़ने चाहिए। यानी पिछले से 370 वोट ज्यादा लाना है। पीएम ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की छुट्टी हुई, 2024 में सफाया तय है। कांग्रेस का एक ही काम है- नफरत, नफरत और नफरत। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, देश का गौरव है। आपका सम्मान और विकास मोदी की गारंटी है। बच्चों और युवाओं के सपने मोदी का संकल्प है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब गांव-गांव, घर-घर जाकर कहता था कि मुझे भिक्षा में वचन दो कि आप अपनी बेटी को पढ़ाओगे। 40-45 डिग्री तापमान, गर्म हवाओं में मैं झाबुआ के बगल में दाहोद के जंगल में छोटे गांवों में जाकर बेटियों की अंगुली पकड़ कर स्कूल ले जाने का काम करता था। हमारे लिए आपके वोट नहीं, आपकी जिंदगी मायने रखती है।

# इडी के सवालों में उलझते जा रहे हैं सांसद धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू की परेशानी अब और बढ़नेवाली है। प्रवर्तन निदेशालय ने उनसे कई सवालों का जवाब रविवार को चाहा। सांसद या तो सही उत्तर नहीं दे पाये या टाल गये। सांसद की एक कंपनी के नाम से रजिस्टर्ड बीएमडब्ल्यू कार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से बरामद की गयी थी। उनसे पूछा गया कि यह कार उन्होंने गिफ्ट दी है क्या। इस पर सांसद धीरज साहू ने कहा कि उन्हें पता नहीं है। साहू अब गाड़ी उनकी होने से इनकार कर रहे हैं। इडी के अधिकारियों ने गाड़ी भुगतान से संबंधित कागजात जब सांसद के सामने रखा तब उनका जवाब था कि पूछकर बतायेंगे।



उनसे परिवार के सदस्यों और उनकी संपत्तियों का डिटेल लेकर आने को कहा गया था। सांसद पूरी जानकारी लेकर नहीं पहुंचे। उनके ओड़िशा स्थित फैक्ट्री में छापामारी करके 351 करोड़ रुपये की बरामदगी को लेकर भी पूछताछ की गयी। सांसद पर मनी लॉड्रिंग करने का शक है। 29 जनवरी को इडी की टीम ने पूर्व सीएम के दिल्ली स्थित आवास पर छापामारी की थी और एक हरियाणा नंबर की बीएमडब्ल्यू कार बरामद की थी और वहीं से 36 लाख रुपये बरामद किये थे। इस कार को लेकर इडी ने उनसे अधिकांश सवाल किये।

**विनोद सिंह के चैट से खुलेंगे कई राज :** हेमंत सोरेन के मित्र विनोद सिंह के व्हाट्सअप चैट से कई और जानकारियां सामने आयेंगी। अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन के अलावा जेएसएससी की परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड व्हाटसअप में मिला है। चर्चा है कि जिनके एडमिट कार्ड हैं, उनकी नौकरी पक्की करने के लिए कई अधिकारियों को भेजा गया था। विनोद सिंह का व्हाट्सअप चैट का 539 पेज इडी अधिकारियों ने रिकवर किया है।

### भानू से हो रहे हैं सवाल-जवाब

राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप से रविवार को दिनभर पूछताछ हुई। उनसे बड़गाईं के 8.5 एकड़ जमीन के अलावा यह जानने की कोशिश की गयी कि इस तरह की हेराफेरी उन्होंने शहर की कितनी जमीनों में की है। भानू का जवाब था कि वह बड़गाईं अंचल की जमीन की नापी कराने मनोज कुमार के कहने पर गये थे। इडी रिमांड पर लिये गये राजस्व कर्मचारी भानू को जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी करने के मास्टरमाइंड के तौर पर देख रही है। भानू को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने बैठा कर भी पूछताछ की जा चुकी है।

# चंपाई कैबिनेट की बैठक आज, एमएसएमइ एक्ट और बजट सत्र का आ सकता है प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 फरवरी को है। चंपाई सोरेन सरकार की यह दूसरी कैबिनेट की बैठक होगी। मंत्रिमंडल विस्तार नहीं होने की वजह से इस बैठक में भी मुख्यमंत्री समेत मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता ही भाग लेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार 16 फरवरी को है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट की बैठक में



विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से आयोजित करने का प्रस्ताव आ सकता है। इसके साथ ही एमएसएमइ एक्ट का प्रस्ताव ी। बता दें कि 2 फरवरी को नयी सरकार बनते ही चंपाई सोरेन ने पहली कैबिनेट की बैठक बुलायी थी। इसमें तीन प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। राज्य सरकार पूर्व में एमएसएमइ पॉलिसी लागू कर चुकी है। अब इसे कानून का रूप दिया जा रहा है।

### एमएसएमइ निदेशालय के गठन का भी प्रस्ताव

उद्योग विभाग में एमएसएमइ निदेशालय के गठन का भी प्रस्ताव है। इसे कैबिनेट में पेश किया जायेगा। अभी उद्योग विभाग में उद्योग निदेशालय-हस्तकरघा, हस्तशिल्प निदेशालय है। एमएसएमइ निदेशालय के गठन से तीन निदेशालय वहां हो जायेंगे।

# बिहार में फ्लोर टेस्ट आज पार्टी नेताओं की बढ़ी टेंशन

- बीजेपी, आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस, लेफ्ट और हम ने अपने-अपने विधायकों की बाड़ेबंदी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना, गया।** बिहार में नीतीश सरकार का सोमवार को फ्लोर टेस्ट है। इससे पहले यहां सियासी हलचल तेज हो गयी है। बीजेपी, आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस, लेफ्ट और हम पार्टी ने अपने-अपने विधायकों की तगड़ी बाड़ेबंदी की है। दो दिन से गया के होटल में रुके बीजेपी विधायक रविवार को तीन बसों में पटना रवाना हो गये हैं। विधायक डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर रहेंगे। विधायकों के साथ बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद हैं। फ्लोर टेस्ट से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गया में चल रही बीजेपी विधायकों की वर्कशॉप को वर्चुअली संबोधित किया। इस शिविर में बीजेपी के तीन विधायक नहीं पहुंचे। आरजेडी के विधायकों को शनिवार को तेजस्वी यादव के बंगले पर बैठक के लिए बुलाया गया। फिर किसी को बाहर नहीं जाने दिया गया। बैठक में दो विधायक नहीं पहुंचे हैं।

वहीं, शनिवार को जेडीयू के छह विधायक मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज में नहीं पहुंचे थे। हालांकि, रविवार को मंत्री विजय चौधरी के आवास पर होनेवाली बैठक में इनमें से दो विधायक पहुंचे हैं। सीएम नीतीश कुमार मंत्री विजय चौधरी के आवास पर पहुंच गये हैं। बैठक में 38 विधायक अब तक पहुंचे हैं।

इधर, फ्लोर टेस्ट से पहले राजभवन में लीगल एडवाइजर की पूरी टीम को बदल दिया गया है। पटना में जगह-जगह तेजस्वी के समर्थन में पोस्टर लगे हैं, जिनमें में लिखा है- बिहार की है मंजूरी, तेजस्वी हैं जरूरी। सूत्रों के मुताबिक फ्लोर टेस्ट से पहले बिहार में जांच एजेंसी इडी और इनकम टैक्स की टीम एक्टिव हो गयी है। कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच पैसों के संदिग्ध लेन-देन के मद्देनजर नजर रखी जा रही है।

### कृष्णम छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

# क्या कांग्रेस में रहने के लिए चमचागिरी जरूरी है : प्रमोद

- राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं, संभल से लड़ सकते हैं चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गाजियाबाद।** आचार्य प्रमोद कृष्णम को कांग्रेस पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कृष्णम ने रविवार को संभल में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुझे कल रात जानकारी मिली कि कांग्रेस पार्टी ने एक चिट्ठी जारी की है, जिसमें कहा है कि पार्टी विरोधी एक्टिविटी के कारण मुझे छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। सबसे पहले मैं कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी किया।

उन्होंने आगे पूछा कि केसी वेणुगोपाल या मल्लिकार्जुन खड़गे ये बताएये कि ऐसी कौन सी गतिविधियां हैं, जो पार्टी के विरोध में थीं। क्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकारना, वहां



जाना, श्रीकल्कि धाम का शिलान्यास कराना, नरेंद्र मोदी से मिलना, सनातन की बात करना पार्टी विरोधी है? इससे पहल सुबह उन्होंने राहुल को टैग कर-के लिखा था- राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सवाल मेरे निष्कासन का नहीं। सवाल ये है कि जो महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद और इंदिरा गांधी की कांग्रेस थी, आज उस कांग्रेस को किस रास्ते पर लाकर खड़ा किया गया है। क्या कांग्रेस में रहने का मतलब है कि हमें चमचागीरी करनी जरूरी है, झूठ बोलना जरूरी है।

### क्या कांग्रेस में सिर्फ वे रह सकते हैं जो राम का अपमान करें?

उन्होंने आगे सवाल किया कि क्या कांग्रेस में सिर्फ वे रह सकते हैं जो राम का अपमान करें। हिंदू आस्था को ठेस पहुंचायें। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता है। निष्कासन बहुत छोटी चीज है। हम अपने प्राणों को भी न्योछावर करने के लिए तैयार हैं, लेकिन राष्ट्रीय अस्तित्व, अस्मिता और सनातन पर कोई आंच नहीं आने देंगे। मेरी प्रबल इच्छा है कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था, तो एक राम भक्त को छह साल के लिए क्यों निकाला जा रहा है। इसको 14 साल कर दिया जाये। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैंने राजीव गांधी से वादा किया था कि आखिरी सांस तक कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। हमने इस वादे को निभाया। बहुत से मोड़ आये। बहुत से बातें आयी, पार्टी के ऐसे फैसले थे, जिनसे सहमत नहीं था। मुझे अपमानित किया गया। अपमान के घूंट पीये, लेकिन पार्टी नहीं छोड़ी।

### जेएसएससी पेपर लीक मामला

# दो बेटों के साथ विस का अवर सचिव धराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले में रांची पुलिस द्वारा गठित एसआइटी को बड़ी कामयाबी मिली है। एसआइटी ने इस मामले में झारखंड सरकार के एक अवर सचिव सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये अवर सचिव मो शमीम और उसके दो बेटों के पास से कई जरूरी दस्तावेज बरामद किये गये गये हैं। साथ ही आरोपियों के पास से कई ब्लैंक चेक भी जब्त किया गया है। बता दें कि पेपर लीक मामले में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चार अलग अलग टीम का गठन किया था। जिसके बाद मामले में 25 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी। इस दौरान एसआइटी को मो शमीम के बारे में जानकारी मिली थी। उसके बाद रांची एसएसपी के निर्देश पर टीम ने मो शमीम व उसके दो बेटों को उसके आवास से धर दबोचा।

### प्रश्नपत्र लीक हो जाने के कारण परीक्षा रद्द

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 प्रश्न पत्र लिक होने के बाद एसएसपी के निर्देश पर सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। एसआईटी की चार टीम मामले की जांच कर रही है। 28 जनवरी 2024 को परीक्षा के पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो जाने के कारण परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। प्रश्नपत्र लीक मामले में नामकुम थाना में 29 जनवरी 2024 को प्राथमिकी (कांड संख्या 45/24) दर्ज की गयी थी। इस केस में भारतीय दंड विधान की धारा 467/468/420/120बी के अलावा 66 आइटी एक्ट और 12 झारखंड प्रतियोगिता परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण) विधेयक 2023 के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# योगी ने मंत्री-विधायकों के साथ किये रामलला के दर्शन

## गर्भगृह में बैठ कर राम भजन गाये, पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में रविवार को योगी सरकार ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगायी। मंत्रियों और विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामलला के दर्शन किये। पूजा-अर्चना की। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे नजर आये। मुख्यमंत्री योगी अपने कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ करीब दो घंटे तक राम मंदिर में रहे।

इनमें एनडीए के अलावा रालोद, बसपा और कांग्रेस



विधायक भी शामिल रहे। कई मंत्रियों और विधायकों के परिवार वाले भी साथ रहे। इस दौरान जगह-जगह पर फूल बरसा कर मंत्री-विधायकों का स्वागत किया गया। राम जन्मभूमि के गेट नंबर-11 से 10 बसों में आये विधायकों और मंत्रियों को एंट्री दी गयी। इससे पहले सुबह 10 बसों से विधायक और मंत्री अयोध्या पहुंचे। सीएम योगी रविवार सुबह पुणे में थे। वहां से वह सीधे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। वहीं, रविवार होने के चलते अयोध्या में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। इस वजह से विधायकों का हनुमानगढ़ी में दर्शन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सपा विधायक अयोध्या जाना चाहते थे, लेकिन उनकी पार्टी की गाइडलाइन के चलते नहीं जा पा रहे हैं। रामलला के दर्शन करने के बाद दोपहर करीब ढाई बजे सभी सीएम योगी आदित्यनाथ कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ राम जन्मभूमि से रवाना हो गये।

### पंजाब के बाद दिल्ली में भी टूटा आइएनडीआइए गठबंधन

# कोई आया तो ठीक, न आया तो हम अकेले लड़ेंगे : खड़गे

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के खन्ना में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान ने शनिवार को पंजाब की 13 और चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया। अब एक दिन बाद लुधियाना जिले के समराला में रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कह दी। यह पहली बार है, जब कांग्रेस हाइकमान ने आप के साथ गठबंधन के बीच पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की बात कही। हालांकि पंजाब कांग्रेस के कई नेता आप के साथ गठबंधन नहीं करने की बात हाइकमान तक पहुंचा चुके हैं। उनका मानना है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को ही इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार को हराने की खातिर इंडिया गठबंधन तैयार हो रहा है। कहीं पर गठबंधन ठीक है। कहीं पर मिलाप नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि यह समझ कर चलो कि हमको लड़ना है। अकेले ही लड़ना है और विजय हासिल करनी है। कोई आया तो ठीक, तो नहीं आया तो भी ठीक।




## न्यूज रील्स

### 18.38 लाख करोड़ डायरेक्ट-टैक्स वसूला

नयी दिल्ली। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस ने डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के प्रोविजनल आंकडे जारी किए हैं। आंकड़ों के मुताबिक सरकार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष (2023-24) में 10 फरवरी तक 18.38 लाख करोड़ डायरेक्ट टैक्स वसूला है। 10 फरवरी 2024 तक का यह कलेक्शन पिछले वित्त वर्ष के इसी अवधि के मुकाबले 2.71 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है।

### किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े

अंबाला। संयुक्त किसान मोर्चा के 13 फरवरी को दिल्ली कूच से पहले हरियाणा और पंजाब के शंभू, खनौरी समेत सभी बॉर्डर सील कर दिये गये हैं। वहीं सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर भी सीमेंट के बैरिकेड लगा दिये गये हैं। पंजाब से आने वाले किसानों को रोकने के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर और फतेहाबाद में बैरिकेड्स और लोहे की कीलें लगा दी गयी हैं। हरियाणा के 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट, डोंगल और बल्क स्टर बंद कर दिये गये हैं। केंद्र सरकार ने पैरामिलिट्री की 64 कंपनियों को हरियाणा भेज दिया है।

### साहित्यकार उषा किरण खान का निधन

पटना। हिंदी और मैथिली की जानी मानी साहित्यकार उषा किरण खान का रविवार को पटना में निधन हो गया। उन्होंने 82 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। उषा किरण खान को पद्मश्री, साहित्य अकादमी और भारत भारती पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शेर शाह सूरी, दूब धान, गई झुलनी टूट उनकी प्रमुख रचनाएं हैं।

### हल्द्वानी बवाल का मास्टरमाइंड धराया

हल्द्वानी। उत्तराखंड में हल्द्वानी के बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए बवाल के मास्टरमाइंड बताये जा रहे अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली और उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने मलिक को दिल्ली में गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी पुलिस अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं, पुलिस अभी तक धरपकड़ करते हुए 60 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले चुकी है। सर्च ऑपरेशन चला कर दो निर्वतमान पार्षद समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### एनआइए की तमिलनाडु में 21 जगहों पर रेड

तमिलनाडु । तमिलनाडु में एनआइए ने शनिवार को राज्य की 21 जगहों पर कोयंबटूर बम ब्लास्ट केस 2022 को लेकर छापे मारे। इसमें 4 लोगों को गिरफ्तार किया और 6 लैपटॉप, 25 मोबाइल, 34 सिम कार्ड और तीन हार्ड डिस्क जब्त किये हैं। बता दें कि 23 अक्टूबर 2022 को कोयंबटूर में संगमेश्वर मंदिर के पास खड़ी कार में धमाका हुआ था।

www.epaper.azadsipahi.in

12 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 113

भारत वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम कर रहा है : अश्विनी वैष्णव



# पलामू की धरती पर उमड़ा ओबीसी का जनसैलाब



## पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने भरी हुंकार

# जो पिछड़ा वर्ग की बात करेगा, वह सत्ता पर राज करेगा : ब्रम्हदेव प्रसाद

**पलामू की धरती पर रविवार को ओबीसी का जनसैलाब उमड़ा। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने हुंकार भरी। साथ ही सभी को एकजुट होकर इस महा अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। कहा कि हमें अगर हक और अधिकार लेना है, तो जागना ही पड़ेगा। प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन रविवार को मेदिनीनगर के हाउसिंग कॉलोनी मैदान में किया गया। इसमें पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पलामू प्रमंडल ओबीसी एकता अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद, युगल पाल, श्रवण कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी, रामदास साहू, विनोद कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, लाल सूरज, अजय वर्मा, उषा यादव, सुशील कुमार, अविनाश देव, अर्चना प्रकाश, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, बाली यादव, संतोष गुप्ता आदि के द्वारा महात्मा गांधी और अन्य ओबीसी महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।**

**मेदिनीनगर।** देश की आजादी से लेकर अभी तक पिछड़ा वर्ग ओबीसी को अन्य वर्ग की जनसंख्या से अधिक होने के बावजूद आज तक हमें हक और अधिकार नहीं मिल पाया है। आज तक देश में जिसकी भी सरकार रही हो, उसने केवल ओबीसी को छलने का काम किया है। उक्त बातें पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा बैरिया के हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में समाजसेवी सह मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहीं। ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि बड़े दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि हम लोगों द्वारा शिवाजी मैदान में पहले से कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन जिला-प्रशासन के द्वारा तीन दिन पहले मना कर दिया गया। यह कहां का न्याय है। उन्होंने कहा कि आज देश की जितनी बढ़िया अर्थव्यवस्था है, उसमें ओबीसी की अहम भागीदारी है। उसके बाद भी हम लोगों को किसी भी क्षेत्र में बराबर भागीदारी का मौका नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के पलामू में 16 लाख से ज्यादा की जनसंख्या है और जीएसटी के माध्यम से सबसे अधिक कर का भुगतान करते हैं। इसके साथ ही हमारे समाज की जनसंख्या सबसे अधिक है। इसके बावजूद हमारे समाज को उचित आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जो दल हमारे समाज के हक और अधिकार की बात करेगा, वही सत्ता पर राज करेगा। क्योंकि 65 प्रतिशत लोग हमारे समाज से हैं।

## शौंडिक समाज के लोगों ने ब्रम्हदेव प्रसाद को सिक्कों से तौला

महासम्मेलन में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद को शौंडिक समाज ने 77 किलो सिक्कों से उन्हें तौला गया। जब श्री प्रसाद को सिक्कों से तौला जा रहा था, तब उपस्थित जनसमूह उन्हें एक झलक देखने के लिए काफी उत्साहित था और जोर-जोर से नारे लगा रहा था।



## जनसभा में ऐतिहासिक थी भीड़



बैरिया के हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच की जनसभा में ऐतिहासिक भीड़ थी। वहां पर महिला-पुरुष, नौजवान पलामू प्रमंडल के हर एक प्रखंड से आकर जमा हुए थे। जब लोगों से पूछा गया कि आप लोग यहां क्यों आये हैं, तो उनका सीधा सा जवाब था, आज तक हम लोग दूसरों को जीतने के लिए भीड़ का हिस्सा बनते थे, लेकिन आज हम लोगों को अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए मौका मिला है।

## पिछड़ा वर्ग का संगठन एक होकर लड़ाई लड़े: खीरू महतो



महासम्मेलन में राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि एकीकृत बिहार के समय में 26 प्रतिशत आरक्षण मिला था, उसके बाद झारखंड अलग होने के बाद 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात की गयी, लेकिन पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज को आज तक यह लाभ नसीब नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोग जो छोटे-छोटे संगठन बनाकर अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, उन्हें अब इस मंच में आकर एक साथ लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। श्री महतो ने पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के लोगों को इस लड़ाई में हरसंभव सहयोग करने की बात कही।

## हाथ पर हाथ रख कर बैठने से नहीं मिलेगा अधिकार: पटेल

राजनारायण पटेल ने कहा कि ओबीसी की आबादी के हिसाब से आज तक हमारे समाज को आरक्षण किसी भी क्षेत्र में नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जब तक आप लोग हाथ में हाथ धरे बैठे रहेंगे, तब तक हमलोगों को हक एवं अधिकार नहीं मिलेगा।

## किसी क्षेत्र में नहीं मिल रहा आरक्षण का लाभ: युगल पाल



संयोजक मंडल के युगल पाल ने कहा कि आज सभी सरकारी संस्थानों से लेकर राजनीतिक क्षेत्र तक हमारे समाज को इस राज्य में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारे बगल के राज्य बिहार में पिछड़ा वर्ग को 43 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है, लेकिन इस राज्य में हमारे समाज के लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब आप लोगों को एक साथ एक मंच पर खड़े होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है।

## जागरूक करने के लिए विधानसभा स्तरीय हो कार्यक्रम: लाल सूरज



लाल सूरज ने कहा कि पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज को जागरूक करने के लिए जिस तरह से हाउसिंग कॉलोनी में प्रोग्राम किया गया है। इस तरह से हर एक विधानसभा स्तरीय इस तरह का कार्यक्रम होना चाहिए, ताकि हमारे समाज के लोग जागरूक हो सकें और कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई में साथ दें।

## गुलामी की जंजीर को तोड़ें: अर्चना



जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश ने कहा कि कहा कि आज भी पिछड़ा वर्ग गुलामी की जंजीर में जकड़ा है। हम सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा। समाज की भलाई के लिए सभी को एक मंच पर आना ही होगा। इसके लिए समाज के सभी लोग कमर कस लें। हक-अधिकार की लड़ाई के लिए अब तक समाज के लोग नहीं एकजुट हुए, तो बाद में और ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस कारण अब समय आ गया है कि सभी लोग एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें।

## वैचारिक एकता से हम आगे बढ़ेंगे: अविनाश



अविनाश देव कहते हैं कि वैचारिक एकता से हम आगे बढ़ेंगे। साथ ही अपना हक और अधिकार भी लेकर रहेंगे, लेकिन इसके लिए जरूरी शर्त्त यह है कि सभी एकजुट हों। अपनी बात को सरकार तक पहुंचाने के लिए आवाज बुलंद करें। इसके बगैर हमारी मांगें पूरी नहीं हो सकती हैं। समाज के लोगों से अपील करता हूं कि हम सब मिलकर इस लड़ाई को आगे लेकर चलें।

## संगठित होकर अधिकार की लड़ाई लड़ें : डॉ अनिल



डॉ अनिल साह ने कहा कि सभी को संगठित हो कर अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी। ऐसे में हमें अपने समाज को संगठित कर अब अपने अधिकार की लड़ाई लड़नी है। इसके लिए हमें भावना, भ्रमित करने वालों से सावधान होकर एकजुटता का परिचय देते हुए समर्थन देने की जरूरत है। हक और अधिकार की लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़नी पड़ेगी। सरकार को बनाने और बिगाड़ने की ताकत हमारे समाज के लोगों में है। बस इस ताकत को समझने की जरूरत है। साथ ही एक साथ होकर आवाज उठाने की भी जरूरत है।

## आजादी के इतने साल बाद भी पिछड़े हैं: सुशील अग्रवाल



सुशील अग्रवाल ने कहा कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी हम पिछड़े हैं, तो एक ही कारण है कि हम संगठित नहीं है। एक होकर अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। अधिकार के लिए हमेशा लड़ना चाहिए। आज के सामाजिक परिवेश में रहन सहन और व्यवहार में परिवर्तन तो हो रहा है, लेकिन जागरूकता के बल पर सब कुछ संभव है। समाज के लोग अगर अधिकार की लड़ाई के लिए लड़े, तो पूरा समाज उनके कदम से कदम से मिलाकर साथ देगा। यह आवाज अब उठने लगी है। इस आवाज को दबने नहीं देना है। इसे और ताकत के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## मानसिक गुलामी की जड़ता को खत्म करना होगा: विनोद



विनोद कुमार ने कहा कि अपनी मानसिक गुलामी की जड़ता को खत्म करना होगा। जाति-धर्म में बंटे लोगों को एक करना होगा, सभी को एक सूत्र में बांधकर आगे बढ़ना होगा। पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन करने से नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आरक्षण देना होगा। जातिगत जनगणना करने की वकालत की। जातिगत जनगणना के लिए सरकार पर दबाव बनाना होगा। यह दबाव तभी बनेगा, जब हम सब एक होकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने का बीड़ा उठायें।

## जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण: रामदास



रामदास साहू ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में हक और अधिकार दिलाने के लिए चेतना जगाना है। जनसंख्या के अनुपात में हम लोगों को सभी जगह अधिकार मिलना चाहिए। पलामू से उठी चिंगारी झारखंड की राजधानी और देश की राजधानी में दिखेगी। इस चिंगारी को और हवा देने की जरूरत है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए ऐसे वक्त में एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद करें। तब जाकर जनसंख्या के अनुसार आरक्षण का रास्ता साफ होगा। इस दिशा में सरकार भी सोचने को विवश होगी। यह सब तभी संभव है, जब समाज का हर आदमी आरक्षण की आवाज को बुलंद करे।

## पिछड़ों के सवाल पर चर्चा तक नहीं: अशर्फी



अशर्फी चंद्रवंशी ने कहा कि झारखंड के विधानसभा में एक बार भी पिछड़ों के सवाल पर कोई चर्चा नहीं हुई। पिछड़ों के अधिकार के लिए आज जो आंदोलन की शुरुआत की गयी है। इसे अंजाम तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य और दायित्व है। इस कर्तव्य को समाज के हरेक लोगों को समझना पड़ेगा। हक और अधिकार के लिए आगे आना पड़ेगा। इस लड़ाई में सभी को शामिल होना पड़ेगा। इसके बाद ही सरकार को भी इस दिशा में पहल करने की मजबूरी होगी।

संबंधित खबर पेज 10 पर भी देखें

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## मरकच्चो भगवतीडीह में महायज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित भगवती डीह में 14 फरवरी से शुरू होने वाले 11 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम दरबार, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री राधा कृष्ण, श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। 14 फरवरी 2024 को यज्ञाचार्य पंडित धनंजय कृष्ण शास्त्री की देख रेख में भव्य कलश यात्रा निकाली जायगी। वहीं 14 फरवरी से प्रतिदिन संध्या 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक महाकाल की नगरी उज्जैन की बाल विदुषी मानस मर्मज्ञ प्रभु प्रिया का संगीतमय प्रवचन होगा। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष रामकृष्ण पांडेय, उपाध्यक्ष रामदेव यादव, कैलाश सिंह, सचिव गौरी शंकर सिंह, उपसचिव तपेश्वर पांडे, कोषाध्यक्ष बबलू यादव व मनोज पांडे, प्रवीण चंद्र गुप्ता, रवींद्र पांडे, जन्मेजय पांडे, कृष्णा पांडे, विनोद गिरि, यमुना सिंह, रामचंद्र यादव, सुरेश यादव, मनोज यादव, संतोष गिरी समेत समिति के अन्य सदस्य व ग्रामीण तन मन धन से लगे हुए हैं।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली मंगल कलश यात्रा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर अंतर्गत दूधीमाटी में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके निमित पांच दिवसीय महायज्ञ 14 फरवरी तक होगा। महायज्ञ का मंगल कलश यात्रा 211 महिला श्रद्धालु गण के साथ प्रारंभ हुआ। यह दूधीमाटी से कोडरमा गांधी चौक होते हुए अरघौती नदी बरसोतियाबार पहुंची एवं वहां पूजन के साथ जल उठा कर वापस यज्ञ स्थल दूधीमाटी आया। कलश यात्रा को विधि विधान एवं पूजा अर्चना कर ध्वजाधारी धाम के महामंडलेश्वर बाबा सुखदेव दास जी महाराज एवं विधायक डॉ नीरा यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर रवाना किया। इस दौरान सुखदेव दास जी महाराज एवं विधायक नीरा यादव ने श्रद्धालुओं को शुभकामना दिया और क्षेत्र के सुख समृद्धि शांति आरोग्य की कामना किया। डॉ नीरा यादव ने कहा धार्मिक अनुष्ठान करने से एवं धार्मिक कथा का श्रवण करने से सद्वृद्धि एवं सद्भावना का प्रसार होता है। कार्यक्रम में सुखदेव यादव, काशी सिंह, कृष्णा प्रसाद, राम लखन दास, चुरामण साव, गदाधर शर्मा, बिजय सिंह, अजय सिंह, संजीव यादव, चन्दन कुमार सिंह, पवन कुमार, अनन्त ठाकुर, रंजीत पांडे, ओमकार पांडे, अनिल जी बाल ब्यास, सौबिक दत्ता, चन्दन सिंह, विनय सिंह, अभय कुमार, अधिवक्ता मोती लाल शर्मा, मनीष सिंह, सूरज यादव, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, राजेश शर्मा, अरविंद कुमार, रंधीर शर्मा, प्रशांत शर्मा, पुरुषोतम कुमार, गौतम कुमार, सौरभ कुमार, विकास सिन्हा, भावेश प्रधान, निलेश प्रधान, विक्रम सिन्हा, परमेश्वर राम, संजय पांडे, आदित्य गौतम, दीपक कुमार, बंटी सिन्हा, विक्की सिन्हा, शैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, राजेन्द्र कुमार, उत्तम चंद्रवंशी, तनय राय, संजय पांडे आदि उपस्थित थे।

## जिला परिषद मद से नहीं हो रहा गुणवत्ता पूर्ण कार्य : राजकुमार

**जयनगर(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जनाधिकार संघर्ष मोर्चा नेता राजकुमार पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जो लोग डॉक्टर प्रमोद कुमार राज का विरोध कर रहे हैं वैसे लोग ही कभी सरकारी डॉक्टर को अपने निजी मेडिकल में बैठाकर पद का दुरुपयोग कराते थे। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व डॉक्टर डी कुमार को वर्तमान जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव अपने निजी मेडिकल बाघमारा में बैठाकर सरकारी पद का दुरुपयोग कराते थे। जब डी कुमार का विरोध इलाके के लोगों ने किया था उस समय भाजपा के लोगों ने केदार नाथ यादव के नेतृत्व में डी कुमार का विरोध करने वालों पर हमला किया था। डॉक्टर प्रमोद कुमार राज का विरोध करने वाले लोगो को वर्षों पूर्व किए हुए कार्य को भी याद करना चाहिए। श्री पासवान ने कहा कि वर्तमान समय में जिला परिषद से अनेकों जगहों पर रोड और नाली निर्माण हो रहा हैं और उसमें भी प्राक्कलन के हिसाब से कार्य नहीं हो रहा हैं इसलिए उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इसकी भी औचक निरक्षण करने की जरूरत है।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ काली पूजा संपन्न

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** माघी काली पूजा रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ। रविवार रात्रि से पूजा शुरू हुई। पूजा में बहुत दूर दूर से श्रद्धालु जुटते है। मेला में बच्चों के लिए तरह तरह के खिलौने के अलावा झूला,जादूगर,के अलावा तरह तरह की दुकानों में बड़ी भारी भीड़ लगी। पूजा को सफल बनाने में पूजा कमिटी के लोग पूरी ततपरता से जुटे रहे। इस अवसर पर पूजा समिति के विपिन कुमार सिन्हा , शम्भूनाथ पांडेय, रोहितानंद मिश्र, राजेन्द्र पांडेय, चन्द्रशेखर सिन्हा,अनिल मिश्र, आनन्द मिश्र,सतीश वैद्य, सुनील मिश्र, बंटी मिश्र, राकेश वैद्य, सुरेंद्र सिन्हा, अनुज सिन्हा, अमरेश सिन्हा, ओमप्रकाश वैद्य, अजित मिश्र, संजय वैद्य,वीरेंद्र पांडेय, गणेश पांडेय, युगल पांडेय,सुबोध पांडेय, त्रिभुवन पांडेय, अनुज मिश्र, पप्पू मिश्र, अरुण सिन्हा, प्रवीण मिश्र, सुनील सिन्हा, चन्दन सिन्हा, कुंदन सिन्हा, शंकर स्वर्णकार ,अमन पांडेय, आदि शामिल थे।

## पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रविवार को एसडीपीओ जितवाहन उरांव के दिशा निर्देश पर सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने कहा कि पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। प्रशासन द्वारा जारी निदेशों से लोगों को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि पूजा आयोजन के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। विसर्जन के दौरान डीजे पर अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। शराबियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। यदि कहीं शराब बिकने या शराब पीकर उत्पात मचाने की सूचना मिले तो थाना को तुरंत अवगत कराएं। मौके पर एसडीपीओ जितवाहन उरांव, अवर निरीक्षक उमाकांत सिंह, एएसआई कृष्णा राम, निशात अहमद, अशोक कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, विनोद यादव, शंकर यादव, श्रवण रविदास, शिवपुर उप मुखिया अश्विनी कुमार, रामोतार चौधरी, गुलाम रसूल, अजहर रवानी, मो इरशाद, अजीत भगत, सदन सिंह, शिवराज सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रखण्ड के समाजसेवी सहित दर्जनों डीजे संचालक उपस्थित थे।

## पशु लदा वाहन जब्त, चार गिरफ्तार

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पशु लदा वाहन जब्त किया गया। सूचना थी कि ढ़ाब थाना क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से एक बोलेरो पिकअप वाहन में पशुओं की तस्करी कर ले जाया जा रहा है। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय कोडरमा द्वारा थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रात्रि पडरिया चौक के पास से उक्त वाहन एवं उसमें लदे 3 गाय और 3 बछड़ों को जप्त करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में ढ़ाब थाना कांड सं 2/24 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामजन्म कुमार (47, पिता स्व केशर प्रसाद यादव, कोकर राँची), सुलो यादव (57, पिता स्व खीरू यादव, ग्राम मैसौढ़ा, जिला जमुई), उमेश यादव (50, पिता परमेश्वर यादव, ग्राम मैसौढ़ा, जिला जमुई), गणेश यादव (58, पिता स्व बिन्दु यादव, ग्राम मैसौढ़ा, जमुई) शामिल हैं। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार व सशस्त्र बल ढाब थाना के लोग मौजूद थे।

# अवैध पिस्टल से छेड़छाड़ के क्रम में चली गोली, एक घायल

### घायल का इलाज अस्पताल में जारी, सहयोगी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भेलवारा निवासी इदरीश अंसारी पिता स्व मेहराब अंसारी अपने पास रखे अवैध पिस्टल से चली गोली से खुद घायल हो गया। जिसका इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में जारी है। गोली चलने के मामले की जानकारी पाकर मुफ्फसिल थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंच जांच किया। इससे पूर्व थाना प्रभारी सदर अस्पताल पहुंच घायल इदरीश अंसारी से भी मामले की जानकारी ली। प्रभारी बजरंग महतो ने बताया की शनिवार को समय करीब 6 बजे सुचना प्राप्त हुई कि ग्राम भेलवारा निवासी इदरीश अंसारी पिता स्व मेहराब अंसारी को गोली लगी है और वह सदर अस्पताल हजारीबाग मे ईलाज के लिए भर्ती है। मामले की तहकीकात के लिए सदर अस्पताल पहुँचा एवं जख्मी इदरीश अंसारी से प्रारम्भिक पुछ-ताछ किया किन्तु उनके द्वारा बताई गई घटना संदिग्ध लगी। उसके बाद तहकीकात के लिए ग्राम भेलवारा से थोडी दुर स्थित चेहला के पास गया जहाँ से जख्मी इदरीश अंसारी को वे लोग लेकर सदर अस्पताल गये थे। जख्मी इदरीश अंसारी की बताई बात और घटनास्थल की वस्तु स्थिती मे अंतर पाया गया। इदरीश अंसारी के द्वारा बताई गई घटना संदिग्ध लगने लगी। उसके बाद भेलवारा के रहने वाले नियाजउद्दीन उर्फ कल्लु पिता मो सकुर से पुछ-ताछ किया। पुछ-ताछ के क्रम में यह बात पता चला कि इदरीश अंसारी अपने पास एक अवैध पिस्टल और गोली रखे हुए था। जिसे इदरीश अंसारी और निवाजउद्दीन उर्फ कल्लु दोनो शनिवार को दोपहर मे लेकर चेहला जंगल की तरफ गये थे और सफाई एवं छेडछाड के क्रम मे इदरीश के हाथ से गोली चल गई और वह स्वंय जख्मी हो गया। पिस्टल को छिपाने के लिए नियाजउद्दीन उर्फ कल्लु को दे दिया और गाँव से अपने साथी को बुलाकर सदर अस्पताल मे ईलाज हेतू चला गया। अपने आप को बचाने के लिए उसने गलत व्यान बाजी किया कि उसे किसी अपराधकर्मी के द्वारा गोली मारी गई है। घटना में प्रयुक्त पिस्टल एवं गोली बरामद कर लिया गया है तथा घटनास्थल पर जहाँ गोली चली थी वहाँ से भी अनुसंधान के क्रम में खोखा बरामद कर लिया गया है। इस घटना के संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड सं-46/24 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। कांड में संलिप्त नियाजउद्दीन उर्फ कल्लु को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कांड में संलिप्त इदरीश अंसारी वर्तमान में सदर अस्पताल में भर्ती है स्वस्थ्य होने के उपरांत उसपर भी विधिवत कार्रवाई की जायेगी।

# झारखंड में बनेगी एनडीए की स्थिर सरकार : सुदेश महतो

### आजसू पार्टी को गांव और पचांयत स्तर पर मजबूत किया जायेगा : विकास राणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 11 फरवरी 2024 को स्थानीय बिरसा चौक पुराना बस स्टैंड के पास आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमत्री माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी का चतरा जाने के क्रम मे भव्य स्वागत किया गया ! इस स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा उपस्थित हुए। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह य एवं केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा कर रहे थे। पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा 2024 में झारखण्ड में बनेगी एनडीए की स्थिर सरकार और भ्रष्टाचार मुक्त शासन। इंडिया गठबन्धन का ये कैसा गठबंधन जो बनने से पहले ही बिखर गया। एनडीए ही दे सकती है झारखण्ड में स्थिर और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार। हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने कहा कि गांव और पंचायत में संगठन को मजबूत किया जायेगा। आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो दे सकते हैं झारखण्ड को बेहतर नेतृत्व । आजसू कार्यकताओं द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, महिला नेत्री रेखा देवी, वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, दारू प्रखण्ड अध्यक्ष राजू प्रसाद, महानगर अध्यक्ष आफताब आलम, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सूरज कुमार, छात्रसंघ के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार प्रजापति, जितेन्द्र कुमार, आफताब आलम, अविनाश कुमार पिंकू, अटल सांस्कृतिक मंच के जिला अध्यक्ष सुबोध आकाश, मनोज कुमार, सिन्हा, राजू सिंह, रवि पाण्डेय, दिनेश प्रजापति, राजेश राज, अनिल कुमार, पिन्टू कुमार, सतीश कुमार, रुपेश राणा, मो यूनुस हुसैन, मो उमर फारुक, मो कलाम खान आदि उपस्थित थे ।

# दारू थाना क्षेत्र के बाजार में हो रही चोरी से ग्रामीण परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू (हजारीबाग)।** पिछले कुछ महीनों से दारू प्रखंड के झुमरा और दारू सप्ताहिक बाजार से लगातार मोबाइल और बाइक चोरी होने से ग्रामीण काफी परेशान नजर आ रहे है रविवार को दारू साप्ताहिक बाजार से सुबह में सब्जी खरीदने आये छोटका इरगा निवासी चंद्रप्रकाश रजक की वीवो वाई 22 चोर उड़ा कर ले गए वही शाम होते होते जबरा की एक महिला का रियल मी नारजो कंपनी का मोबाइल भी चोरी हो गया महिला सब्जी खरीदने के लिए अपने कुछ महिला साथी के साथ सब्जी खरीद रही थी तथा मोबाइल को चोरी होने के डर से सब्जी के थैले में रख दी थी लेकिन चोरो की नजर गिद्ध की जैसा उनके मोबाइल पर पड़ी और थैले से ही मोबाइल को गायब कर दिया। पिछले कुछ महीनों से दारू और झुमरा बाजार में चोरी की वारदात काफी तेजी से बढ़ गयी है गुरुवार को झुमरा बाजार से दो बाइक और मोबाइल की चोरी हुई थी। लेकिन दारू थाना सिर्फ शिकायत दर्ज करने में व्यस्त है और चोरो तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है। भुक्तभोगी ग्रामीण चोरी हुई सामानों की वापिस पाने की उम्मीद छोड़ ही देते है। थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी ने कहा जितने भी आवेदन आए हैं तत्पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिला विकास समन्वय सदस्य बने रामचंद्र चौधरी

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा जिला विकास समन्वय एवं मुल्यांकन समिति (उक्षरलअ) में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी को सदस्य मनोनीत किया गया। जिसको लेकर श्री चौधरी ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दायित्व मुझे सौंपा गया है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा और बरकट्ठा विधानसभा के जनहित और ज्वलंत समस्याओं को पटल पर रखने का भरपूर प्रयास करूंगा` मैं भाजपा का एक समर्पित कार्यकर्ता हूं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।**

# 21 को किसान महासभा के लिए जनसंपर्क तेज

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रगतिशील मगही समाज के द्वारा पदमा प्रखण्ड के सरैया फुटबॉल ग्राउंड में आगामी 21 फरवरी को होने वाली किसान, मजदूर और बेरोजगार महासभा की गति तेज हो गयी है। किसान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रगतिशील मगही समाज इचाक प्रखंड अंतर्गत ग्राम कूरहा में किसानो के बीच बैठक किया गया। अध्यक्षता पूर्व मुखिया शिवनंदन प्रसाद मेहता ने किया और मंच संचालन संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय युवा सचिव मनोज कुमार मेहता ने कहा कि भारतवर्ष में सुई से लेकर हवाई जहाज बनाने वाले को यह अधिकार है कि अपने उत्पादित वस्तु का दाम तय कर सके, लेकिन 125 करोड़ से अधिक जनसंख्या का भोजन उपलब्ध कराने वाला किसान जिसको अन्नदाता कहते हैं उसको यह अधिकार नहीं है कि अपनी उत्पादित फसल का वह दाम तय कर सके यह दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक का मुख्य उद्देश्य है कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाने को लेकर सरकार तक महासभा के माध्यम से किसानो को अधिकार दिलाना। हमें समर्थन मूल्य नहीं किसानों को मैक्सिमम रिटेल प्राइस का अधिकार मिले। बैठक में महेंद्र प्रसाद मेहता, शंकर मेहता, प्रकाश मेहता, अजय मेहता, जगदेव गुप्ता, अशोक कुमार, राजकुमार, गीता देवी, किरन देवी, कुंती कुमारी, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

### एंजेल्स स्कूल परिवार की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद बेहद जरूरी है : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के एंजेल्स हाई स्कूल परिवार द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सप्ताह-2023-24 का डीपीएस, शंकरपुर के मैदान में आयोजन किया जा रहा है। इसका विधिवत शुभारंभ शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मशाल जलाकर और गुब्बारा उड़ाकर किया। यह आयोजन कुल चार दिनों का है। जिसमें लिटिल एंजेल्स, एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल, शंकरपुर के कुल करीब 2000 से अधिक बच्चे प्रतिदिन करीब 30 इवेंट में भाग ले रहें हैं। बच्चों के बीच यहां शनिवार और रविवार को कई प्रकार के फन गेम का आयोजन किया गया। जिसमें वर-वधु दौड़, बैलून दौड़, कार रेस, सुई- धागा दौड़, कंगारू रेस, पोटेटो रेस, बिस्कुट रेस, चेयर अरेंजिंग, हर्डल, पिक द बॉल एंड रन, ड्रैग द बॉल सहित अन्य प्रकार के कई रेस और गेम के माध्यम से बच्चों ने अपना दम दिखाया। स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों के बीच भी दौड़ प्रतियोगिता कराई गयी। इस वार्षिक खेलकूद सप्ताह के दौरान डीपीएस मैदान को आकर्षक स्वरूप में सजाया गया है और विद्यालयों के खेल शिक्षक के साथ अन्य शिक्षक और कर्मी प्रतिस्पर्धा को संपन्न कराने में जुटे हुए हैं। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन में पहुंचे मुख्य अतिथि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की खेल से न सिर्फ बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है बल्कि उनमें आपसी तालमेल, सहयोग की भावना और अनुशासित जीवन जीने की कला का भी संचार होता है। विधायक मनीष जायसवाल ने इस शानदार खेल सप्ताह के आयोजन के लिए एंजेल्स स्कूल परिवार को साधुवाद दिया और कहा की ऐसा आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में मिल का पत्थर साबित होगा ।

## सरस्वती पूजा को लेकर हुई बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में सरस्वती पूजा को देखते हुए शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने किया। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पूजा समिति सुरक्षा के लिए अपने वॉलिंटियर तैयार रखें। रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बंद रहेगा। मूर्ति विसर्जन शुक्रवार शाम 7 बजे तक कर लेना है। पूजा पंडाल, स्कूल या जुलूस में आपत्तिजनक, अभद्र, अश्लील गाना नहीं बजाना है। प्रत्येक पंडाल में उपस्थिति हमेशा किसी न किसी का होना चाहिए। पंडाल में बिजली का तार नंगा नहीं रखता है तथा प्रत्येक पंडाल में आग से बचाव के लिए चार बोरा कम से कम बालू रखना है। प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधि विसर्जन के समय ट्यूब में हवा भरकर रखें जिस आपात स्थिति से निपटने में सहूलियत हो। सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करना है यदि किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट कोई करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अनहोनी की स्थिति में जनप्रतिनिधि थाना को सूचित करेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य सविता सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह चलकुशा मुखिया आलोक सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, चौबे मुखिया कुमार अंशु ,मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव, विक्रमादित्य सिंह, रामजीत रजक, तस्लीम रजा, रहमान अंसारी आदि उपस्थित थे ।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जेपी चौक दरिया में पूर्वी मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता मेहता के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी। साथ ही साथ समर्पण दिवस के अवसर पर सभी कार्यकताओं ने एक सामूहिक रूप से 500 समर्पण राशि दिया गया। समर्पण दिवस के अवसर पर चले गांव की ओर अभियान का भी शुरूआत किया गया। मौके पर उपस्थित बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। मौके पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, ओमप्रकाश मेहता, महामंत्री अनिल मेहता, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार राणा, मंत्री कंचन मेहता, किशोरी प्रसाद मेहता, प्रेम मेहता, धनेश्वर प्रसाद मेहता, बालेश्वर मेहता, वरुण मेहता, द्वारका मेहता, मोहन मेहता, लाल ठाकुर, राजेंद्र साव आदि उपस्थित थे।

## बड़कागांव में पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि रविवार को भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल अंतर्गत विश्रामपुर विद्यालय प्रांगण में मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया एवं उनके अधूरे सपने को पूरे करने का संकल्प लिया। वहीं चलो गांव की ओर अभियान के तहत बुथ सशक्तिकरण के लिए बुथ वेरिफिकेशन किट का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, मंत्री बिनोद महतो, कृष्ण गुप्ता, भुपाल स्वर्णकार, सचिदानंद पांडेय, दिनेश्वर कुमार, रवि कुमार दांगी, तालेश्वर प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने केवालु पुल और खैरियो हाई स्कूल के उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी के केवालु व खैरियो में विधायक अमित कुमार यादव ने रविवार को केवालू नौघरवा नाला पर पूल निर्माण एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरियो में विद्यालय सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। केवालू नाला पूल निर्माण कार्य 99 लाख की लागत से दिलीप कुमार के द्वारा कराया जाएगा। विद्यालय का सौंदर्यीकरण कार्य 34 लाख की लागत से मनोज कुमार के द्वारा कराया जाएगा। दोनों कार्य डीएमएफटी मद से कराया जाएगा। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने दोनों कार्यों को पूजा एवं नारियल फोड़कर कर शिलान्यास किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पुरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव विकास के कार्य निरंतर जारी है। चेचकपी पंचायत जंगलों से घिरा हुआ पंचायत है। यहां की कई सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है और कई सड़कों का डीपीआर बन कर तैयार है एवं जल्द उसका भी शिलान्यास किया जाएगा। मौके पर पुर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, उमेश यादव हीरालाल प्रसाद,भुनेश्वर सिंह, बिरेन्द्र मेहता, प्रकाश सिंह, जगदीश नायक, सरयु साव, मुकेश यादव, श्याम सुंदर यादव, मनोज मुर्मू,ललित मेहता, महेश साव, चरका पासवान,प्रभु सिंह, अर्जुन मांझी, सहदेव यादव, मधु यादव, शंकर यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आयुष विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** आयुष विभाग हजारीबाग द्वारा बरकट्ठा प्रखंड के पंचायत बेलकप्पी में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी एस.एन तिवारी, बरकट्ठा जिप सदस्य प्रतिनिधि व समाजसेवी सी.के पाण्डेय, पूर्व उप मुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय, डॉ.फिरदौस अख्तर, योगाचार्य महेंद्र प्रसाद, योगाचार्य इंद्रदेव गुप्ता, सहिया दीदी मनिता देवी, आरती देवी व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## टंडवा थाना प्रभारी के रूप में अनिल उरांव ने लिया पदभार



टंडवा(आजाद सिपाही)। टंडवा के नए थानेदार के रुप में इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने पदभार ग्रहण कर लिया है।पूर्व थानेदार विजय कुमार के तबादले के बाद इन्हें टंडवा थाना का कमान सौपा गया है।प्रभारी थानेदार अभिनव आंनद से उन्होंने प्रभार ग्रहण किया। थाना पहुँचने पर अभिनव आंनद ने बुके देकर उनका स्वागत किया।बताया गया कि अनिल उरांव 2012 बैच के दरोगा हैं।अनिल उरांव रांची के रहने वाले है। इससे पूर्व वे लोहरदगा सदर के थाना प्रभारी थे।

# रउता वन क्षेत्र में 11 प्लांटों में लग सकता है ताला, खाली होगी जमीन

## जमीन की बंदोबस्ती रद्द होने के बाद एक्शन में आयेगा वन विभाग

बीरू कुमार

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने जंगल की जमीन पर अवैध बंदोबस्ती कायम करने वाले प्लाट मालिकों पर गाज गिरा दी है। अब वन विभाग पूरे एक्शन में आने वाला है। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है।

कि जल्द ही वन विभाग अपने क्षेत्र में स्थापित उद्योगों को हटाकर अपनी जमीन हासिल कर लेगा। वन विभाग ने जो रिपोर्ट रामगढ़ डीसी के समक्ष प्रस्तुत किया है, उससे यह स्पष्ट है कि रउता वन क्षेत्र में जमीन को हड़पने के लिए एक बड़ा माफिया वर्ग काम कर रहा था। इसका खुलासा तब हुआ जब तत्कालीन डीएफओ विजय शंकर दुबे ने पूरे मामले की जांच शुरू की थी। उन्हीं के द्वारा 11 प्लांट मालिकों के खिलाफ लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने ही इस बात का पता लगाया था कि सभी 11 प्लांट अवैध जमाबंदी के आधार पर स्थापित किए गए हैं।



### विभागीय नक्शे से हुई थी मापी, लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत दर्ज था मामला

डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि रउता वन क्षेत्र की मापी विभागीय नक्शे के आधार पर की गई थी। रउता मौजा के खाता संख्या 29 के कुल 86 प्लॉट कुल रकबा 807.24 एकड़ भूमि खतियान में गैर मजूरवा खास दर्ज है। जिसमें 45 प्लॉटों रकबा 758.59 एकड़ किस्म जंगल झाड़ी दर्ज है। उक्त 45 प्लाटों में से 26 प्लॉट जिसका कुल रकबा 575.78 एकड़ है, वह वन विभाग के द्वारा अधिसूचित एवं सीमांकित वन है। किसी को आधार बनाकर तत्कालीन डीएफओ विजय शंकर दुबे ने लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

**जमाबंदी पर आया फैसला, अब अतिक्रमण पर आएगा आदेश**

डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत यह मामला तब तक आगे नहीं बढ़ सकता था, जब तक उस क्षेत्र में अवैध जमाबंदी के मामले पर जिला प्रशासन का स्पष्ट आदेश जारी न हो जाए। रामगढ़ डीसी ने बेहद ही स्पष्ट आदेश जारी किया है। अब लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत वन विभाग में दर्ज मामले पर आदेश जारी होगा। वहां अवैध तरीके से वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण कर कई बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को स्थापित कर दिए गए थे।

## हेसागढ़ा में आजसू प्रखंड समिति की बैठक



मांडू(आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यालय हेसागढ़ा मे रविवार को प्रखंड समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित थे। बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर के पंचायत प्रभारियों का गठन किया गया। साथ ही सभी पंचायत प्रभारियों का जल्द एक बैठक कर ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश दिया गया।ताकि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव मे पार्टी का झंडा और डंडा दोनों मजबूत कर सके। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, सदस्य भोला तुरी, केंद्रीय सदस्य किशुन महतो, मनोज गोप, जिला उपाध्यक्ष तेजू महतो, चितु महतो, पंकज महतो, सुरेन्द्र महतो, जगेश्वर महतो, महेश महतो, मुकेश महतो, उमेश कुमार, सुखदेव महतो, प्रदीप ठाकुर, राजू टुडू आदि मौजूद थे।

## रामलीला नाटक से युवाओं में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ेगी : मुखिया



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कुंदरु कला पंचायत में शनिवार देर रात को पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा के द्वारा रामलीला नाटक का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। बनारस प्रयागराज से पहुंची रामलीला टीम के दर्जनों कलाकार द्वारा एक सप्ताह तक चलने वाले रामलीला के बारे में धार्मिक गीत धार्मिक झांकियां की प्रस्तुति की जायेगी। इसके अलावे कथावाचक और सांस्कृतिक मंच पर सचित्र धार्मिक नाटक प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर मुखिया ने बताया कि 25 वर्षों के बाद पंचायत में रामलीला जैसा धार्मिक नाटक का आयोजन किया गया है जिससे ग्रामीणों को देखकर लाभ मिलेगा धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता फैलेगी और वर्तमान पीढ़ी के लिए रामराज्य की कथा नाटक के माध्यम से देख सकेंगे। एक सप्ताह के लिए प्रयाग से पहुंची कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों में अच्छे संस्कार देंगे तथा गांव के लोगों में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की धार्मिक कथा राम बनवास से लेकर राम राज्य तक की विचारधाराओं को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर पंचायत के उप मुखिया मोहराय महतो, कामेश्वर महतो शिव शंकर महतो, प्रदीप कुमार नायक, गोपाल महतो, संतोष केसरी, पंकज केसरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सेविका - सहायिका महासम्मेलन में भाग लेने के लिए रांची रवाना




मांडू (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के द्वारा आयोजित सेविका सहायिका महासम्मेलन में भाग लेने के लिए जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा देवी के नेतृत्व में रविवार को रांची रवाना हुए। रांची महासम्मेलन में रवाना होने वालों में मीना देवी, पिंकी देवी, सरिता देवी, वनिता देवी, मुन्नी देवी, आशा नुगडवार, रंजू देवी,आशा देवी, जयंती देवी, शीला बेदिया, अर्चना देवी, कनिज अजमेरी,मंजू देवी, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, झालो देवी, सुनीता देवी, बासमती देवी, अमृता देवी,ममता देवी, विद्या देवी, कुसुम देवी, चंचला देवी, श्रद्धा देवी, इंद्राणी देवी, फहराना प्रवीण,जमुरत फातिमा के अलावा बैजनाथ राम, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, किशोर साव, रीतलाल प्रसाद, बैजनाथ बेदिया, रामावतार प्रसाद, सुरेश प्रसाद समेत सैकड़ो सेविका सहायिका शामिल थे।

# टंडवा में शांति समिति की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**टंडवा।** थाना परिसर में रविवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीओ राजेंद्र कुमार दास संचालन नव पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य पथो में पड़ने विधालय-महाविद्यालयों को पूजा व विसर्जन दिन ट्रांसपोर्टिंग को नो इंट्री का पालन करने, दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र टंडवा, दौरान कोयला ट्रांपोर्टिंग किये जा रहे कोल वाहनों को कम स्पीड, ब्रेकेडिंग, सड़क सुरक्षा के मापदंड का पालन, इत्यादि का मामला छाया रहा। सीओ राजेन्द्र दास ने निर्देश दिया की शांति समिति की बैठक में उठाये गये समस्या में डीजे के तेज आवाज और फुहहड़ गीतों पर बैन रखने, 15 फरवरी को माँ सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन करने की बात कहि। वही थाना प्रभारी अनिल उरांव ने अपना परिचय देते हुये बताया की आप सबो को पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम दिया। जायेगा, हमारी प्राथमिकता है की थाना क्षेत्र में विकास के बाधक तत्वों को समाप्त करने और शांति स्थापित रखने ही मेरी उदेशय है बताया। इस मौके पर पु.अ.नि.रोहित कुमारपु.अ.नि अभिनव आनंद, पु.अ.नि रंजीत मंडल, पु.अ.नि शिवानी पासवान, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, पूर्व प्रमुख सीता राम साव, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, उपेन्द्र पाण्डेय, सर्वजीत गंझु, भागवत गुप्ता, राजेश पासवान, मुखिया महेश मुंडा, रौशन अंसारी, मनीर आलम, वसुदेब रविदास, विजय साव, हेमराज साव, मोबिन अंसारी, मनोज यादव, बिरजू उरांव, मोहन उरांव समेत कई उपस्तिथ थे।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों की बैठक में बुनियादी समस्याओं पर हुई चर्चा



रामगढ़(आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ रामगढ़ जिला शाखा के तत्वाधान में रविवार को ब्रिगेडियर पुरी ग्रीन पार्क में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष समसुद्दीन अंसारी व संचालन सचिव सूरज कुमार ने किया। इस दौरान बैठक में आउटसोर्सिंग की बुनियादी सुविधाओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही राज्य सरकार को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष समसुद्दीन अंसारी ने कहा कि समान काम, समान वेतन दिया जाए। जिले में कार्यरत कर्मी को राज्य सरकार के अधीन विभाग के अंदर अनुबंध पर समायोजित किया जाय। ताकि उनको वेतन सहित अन्य लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विभाग में उनसे सौतेला व्यवहार होता है। आउटसोर्सिंग एजेंसी के अधीन सभी कर्मियों को अनुबंध नियुक्ति के रूप में समायोजित करने समेत 11 सूत्री मांग पूरी करने की वकालत की गयी। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष मोहम्मद तनवीर आलम, उप सचिव देवानंद कुमार, कोषाध्यक्ष पिंटू रजक, किशन कुमार, मिंटू पांडे, बसंत कुमार, अशोक प्रजापति, सुरेश चौधरी, प्रभाकर मिंज, किरण कुमारी, अरविंद कुमार, कृष्णा कुमार, देवानंद महतो, देवनंदन चौधरी, खुलेश्वर महतो सहित कई आउटसोर्सिंग कर्मचारी उपस्थित थे।

# पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हो रहा है सशक्त भारत का निर्माण : शिवकुमार

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** गांव चलो अभियान के तहत रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो के नेतृत्व में सभी आठ वार्ड में 62 बूथ में गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि, दीवार लेखन ,जनता के बीच जाकर, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। दीवार लेखन में फिर से मोदी सरकार, अबकी बार 400 के पार और कमल का निशाना बनाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के दिशा में कार्य किया गया।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बताये गये कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को लाभ कैसे मिले इस पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। आने वाले दिनों में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

**कौन कौन थे उपस्थित**

कार्यक्रम में विधानसभा के विस्तारक देवाशीष प्रधान, विजय जायसवाल बसु तिवारी, अविनाश सिंह ,बृजेश पाठक, सत्यजीत सिंह सुनील बरनवाल विजय पाठक, अमर कुमार सिंह रितेश गोस्वामी, पुतुल, वंदना सहित अन्य उपस्थित थे।

## 16 को होनेवाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर सीटू जिला कमेटी ने की बैठक



कुजू(आजाद सिपाही) । सीटू रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक मुरपा स्थित शेरे पंजाब होटल में हुई। जिसकी अध्यक्षता सीटू जिलाध्यक्ष कामरेड वासुदेव साव व जिला सचिव अर्जुन सिंहने किया। बैठक में भारत सरकार के मजदूर विरोधी नीति और किसान विरोधी नीति के खिलाफ आहूत आगामी 16 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के नीतियों के तहत कोल इंडिया को माईन डेवलपर्स एंड ऑपरेटर तथा रेवेन्यू शेयरिंग सिस्टम के तहत खदानों को चलाने के विरोध में हड़ताल किया गया है। क्योंकि इससे 1972 के पहले वाला निजीकरण जैसी स्थिति उत्पन्न होगी। बैठक में संजय शर्मा, सुशील कुमार, बलभद्र दास, किरण कुमार, अकल उरांव,श्याम सिंह,राम सिंह, संजीवन सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

## दक्षिण कोरिया की 40 सदस्यीय टीम पहुंची बुद्धा पार्क

हंटरगंज/ चतरा(आजाद सिपाही) । प्रखंड के कौलेश्वरी के तलहटी स्थित हटवरिया बुद्धा पार्क में रविवार को साऊथ कोरिया जंटो सोसाइटी के अध्यक्ष वेन पोमनियुन सुनीम की अध्यक्षता में चालीस सदस्यीय टीम पहुंची। जिसे वनक्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार एवं प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षक सह समाजसेवी रविंद्र कुमार रवि के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। विदेशों से आए हुए टीम के सदस्यों ने सबसे पहले बुद्धा पार्क स्थित भगवान बुद्ध के पास दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया। सुख समृद्धि की कामना की ।इसके बाद आरोग्य वन पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान टीम के लोगों ने बताया कि कौलेश्वरी पर्वत आने से हमें काफी खुशी मिली। इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही। इनके साथ डॉक्टर कुमारी प्रियंका सिक्योरिटी ऑफ जीटीएस, सुभाष चंद्र बुद्धा, कमलेश्वर पासवान, कपिल देव प्रसाद, कुमारी सलोनी, कमला कुमारी, इंद्रजीत कुमार के अलावा चालीस सदस्यीय टीम शामिल थे।

## प्रवासी बनकर धनहरा पहुंचे भाजपा मांडू विधायक जेपी पटेल, ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू



कुजू (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, धनहरा स्थित बूथ संख्या 275 में प्रवासी बनकर पहुंचे। जहां उन्होंने बूथ कार्यकताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। साथ ही, बूथ पर चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी के बढ़त बनाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक-एक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है, जिनके सहयोग से देश और राज्य में नेता की जीत सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि अबकी बार चार सौ के पार के नारे को सार्थक बनाने के लिए कार्यकताओं को हर बूथ में अथक परिश्रम करने की जरूरत है। पीएम नरेंद्र मोदी देश हित में कई कार्य कर भारत के मान सम्मान को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हर तबके के लोगों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू किया है। जिससे गांव के हर एक गरीब जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए बूथ के हर एक घर के लोगों को सरकार के योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने मौजूद विधायक से जल संकट एवं नाली निर्माण पर जल्द पहल कराने की अपील की। जिस पर विधायक ने यथा संभव जल्द पहल कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम पश्चात बूथ अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव मुकेश ठाकुर के घर सामूहिक भोज में शामिल हुए। इससे पूर्व, उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर धनहारा चौक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आपराधिक गतिविधियों पर लगायें लगाम अवैध खनन पर हो कार्रवाई : एसडीपीओ



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अपराधिक गतिविधियों और अवैध खनन को लेकर रामगढ़ जिले में अक्सर कार्रवाई होती रही है। रविवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने पहली क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थाना और ओपी प्रभारियों के साथ विशेष चर्चा की।

क्राइम मीटिंग के उपरांत एसडीपीओ ने बताया कि रामगढ़ जिले में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाना बेहद आवश्यक है। कई थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो रही है। पुलिस को अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग और बेहतर करनी होगी। उन्होंने कहा कि कुज्जू, मांडू, रजरप्पा और रामगढ़ के कुछ क्षेत्रों में अवैध माइनिंग भी होती है। अवैध खनन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा लंबित मामलों का निष्पादन अतिशीघ्र करने का निर्देश भी दिया गया है। बैठक में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, यातायात थाना प्रभारी रजत कुमार, कुज्जू ओपी प्रभारी विनय कुमार, गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे सहित अन्य थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश का हो रहा है समुचित विकास : सत्यानंद भोक्ता

**मंत्री सत्यानंद भोक्ता चौथी बार मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे चतरा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता चौथी बार झारखंड सरकार में मंत्री बनने के बाद आज पहली बार हेलीकॉप्टर से चतरा पहुँचे। स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के समीप बने अस्थायी हेलीपैड पर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने गाजे- बाजे के साथ आयोजित रोड शो कर पूरे शहर में घूम घूम कर लोगों का अभिवादन किया और चतरा की जनता को इस प्यार- स्नेह देने के लिए आभार जताया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर में ढोल-नगाड़े,आदि बजाकर और जमकर आतिशबाजी कर माननीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में आए हुए कार्यकताओं ने जगह-जगह मंत्री सत्यानंद भोक्ता को माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मंत्री जी के रोड-शो के दौरान काफिले में महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य, छउ नृत्य तथा लौंडा का नृत्य शामिल था। नगर भ्रमण के पश्चात मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्थानीय सेलिब्रेशन नामक उत्सव स्थल में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी का आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश का समुचित विकास हो रहा है। राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेतागण, मंत्री प्रतिनिधि गण, समेत हजारों की संख्या में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जातीय जनगणना पर सियासत क्यों

बजट भाषण में जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाने के लिए कमेटी गठित करने का ऐलान हुआ है। इस पर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अमल होने की संभावना है। इसके पहले लड़कियों की शादी की उम्र 18 से 21 वर्ष करने के बारे में सरकार ने लोकसभा में विधेयक पेश किया था लेकिन अधिकांश सांसदों की असहमति के बाद उस बिल को स्टैंडिंग कमेटी के हवाले करके ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भारत में दुनिया की कुल भूमि के 2.4 फीसदी हिस्से में 18 फीसदी आबादी रहती है। यूएन के अनुमान के मुताबिक साल 2030 तक बढ़ती आबादी की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत को अढ़ाई गुना संसाधन चाहिए होंगे। आबादी की वजह से गरीबी, अशिक्षा, बाल मृत्यु, प्रदूषण और बेरोजगारी का वायरस बढ़ता जा रहा है। पीएम मोदी ने भी लाल किले से कहा था कि जनसंख्या विस्फोट आने वाली पीढ़ी के लिए संकट पैदा करता है। उन्होंने छोटे परिवार की परिकल्पना को देशभक्ति से जोड़ा था, लेकिन कोई कानून बनाने की बात नहीं की। संघ परिवार की चिंता-चीन को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश बन गया है। जनसंख्या पर काबू पाने के लिए कई उपाय करने वाले चीन में अब 2 और ज्यादा बच्चों को पैदा करने पर जोर दिया जा रहा है। चीन में प्रजनन दर को बढ़ावा देने के लिए सिंगल और अविवाहित महिलाओं को एग फ्रीजिंग व आइवीएफ उपचार की सहूलियत दी जा रही है। भारत में भी अगले 10 सालों में काम करने वाले युवाओं की संख्या में भारी कमी के साथ बूढ़े लोगों की तादाद बढ़ जायेगी। तस्वीर इतनी साफ है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण पर नये सिरे से बहस क्यों हो रही है? इसे समझने के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयानों पर गौर करने की जरूरत है। उनके अनुसार अवैध प्रवासी, धर्मांतरण, बहुविवाह और ज्यादा बच्चों की वजह से कुछ समुदायों की आबादी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। इससे सामाजिक और धार्मिक संतुलन बिगड़ने के साथ कई और खतरे बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के तहत और असम में बहुविवाह को रोकने के लिए कानून बन रहे हैं। कानून बनने से पहले उनसे बचने के लिए भारत में कानूनी सुरंग बनाने का रिवाज है। इसलिए बहुविवाह को रोकने के लिए लिव-इन, गोद लेने और सिंगल पेरैंट के बारे में भी केंद्र और राज्यों को स्पष्ट कानून बनाने होंगे। अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए नये कानून की बजाय सीमा पर सख्त सुरक्षा की जरूरत है। धर्मांतरण रोकने के लिए कुछ राज्यों ने पहले से ही कानून बनाये हैं। जनगणना और एनपीआर को अपडेट करने में लगभग 12000 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है, लेकिन अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने इसके लिए केवल 1277 करोड़ रुपये आबंटित किये हैं। इसलिए 2024 के चुनावी साल में जनगणना होने की उम्मीद नहीं है। साल 2020 में केंद्र सरकार ने अदालत में दिये गये हलफनामे में कहा था कि परिवार नियोजन का दबावपूर्ण कार्यक्रम 1994 की काहिरा संधि का उल्लंघन होगा। अगर यह तर्क सही है, तो फिर यूपी और असम जैसे राज्यों में जनसंख्या नियंत्रण का कानून बनाने की होड़ क्यों मची है? जो पैरेंट्स बच्चों को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य नहीं दे सकते, उन्हें अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत 2 बच्चों से ज्यादा पैदा करने का हक नहीं मिल जाता।


**पीएम मोदी ने भी लाल किले से कहा था कि जनसंख्या विस्फोट आने वाली पीढ़ी के लिए संकट पैदा करता है। उन्होंने छोटे परिवार की परिकल्पना को देशभक्ति से जोड़ा था, लेकिन कोई कानून बनाने की बात नहीं की।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं, क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है।**

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके और अकादमिक अपेक्षाएं

**प्रो सरोज शर्मा/डॉ सुनीता जे कथूरिया**



बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं, क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चल कर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है।

**परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है।**

शिक्षक व अभिभावक के लिए शांत होने और योजना बनाने की घड़ी जब हम परीक्षा तनाव पर नजर डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं।

मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान कर-के, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें।

**हालांकि, तनाव सतर्कता और सतर्क व्यवहार को प्रोत्साहित करता है, लेकिन तनाव की एक निश्चित मात्रा वास्तव में सहायक और फायदेमंद मानी जाती है। परिणामस्वरूप बच्चों को उचित तैयारी करने में सहायता मिलती है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाता है, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं।**

परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाये रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है।

अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण बात है।

अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कोई नियम-कानून न लागू करें। उन्हें एक निश्चित मात्रा में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के साथ अपने स्वयं के शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने की अनुमति दें। केवल अंतिम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय परीक्षा देने की प्रक्रिया में छोटी सफलताओं और महत्वपूर्ण पड़ावों का स्वागत करें।

**सिर्फ नतीजों का नहीं, प्रयासों का भी उत्सव मनायें**

ऐसे दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें जो सीखने और विकास को केवल उच्च ग्रेड प्राप्त करने से आगे रखता हो। जब भी बच्चे को कठिनाइयां हों, तो उन्हें उनकी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों की याद दिलाएं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें। माता-पिता को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए।

**परीक्षा तनाव को कम करने में अन्य हितधारकों की भूमिका**

परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा अनुभव किए जाने वाले तनाव को दूर करने के लिए कई हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है, जिनमें से प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रियाएं और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि शैक्षणिक मानक उचित हैं, वे तनाव कम करने की रणनीतियों को क्रियान्वित कर सकते हैं और सकारात्मक स्कूल माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। न केवल स्कूल प्रणाली, मीडिया स्वस्थ सीखने की आदतों को बढ़ावा देने, शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करने और अकादमिक सफलता के सकारात्मक व संतुलित चित्रण को प्रोत्साहित करने वाली पहल का समर्थन करके मदद कर सकता है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) और छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) ने विभिन्न हितधारकों के लिए विभिन्न सिफारिशों के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या का समाधान सुझाया है। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों के भीतर परामर्श सेवाएं और सहायता नेटवर्क प्रदान करने का सुझाव देती है। यह कक्षा में मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन की अहमियत को मानती है।

इन भावनाओं की गंभीरता को देखते हुए, सहायता प्राप्त करने के लिए शीघ्रता से कार्य करना महत्वपूर्ण है। ऐसे में हमें ये बात समझनी होगी कि

'सहायता मांगना शक्ति का द्योतक है' और तनाव तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के विभिन्न तरीके मौजूद हैं। कई देशों में सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन, संकट समाधान सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आसानी से उपलब्ध हैं। हालांकि, तनाव सतर्कता और सतर्क व्यवहार को प्रोत्साहित करता है, लेकिन तनाव की एक निश्चित मात्रा वास्तव में सहायक और फायदेमंद मानी जाती है। परिणामस्वरूप बच्चों को उचित तैयारी करने में सहायता मिलती है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाता है, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। कई बच्चे खुद यह पता लगाते हैं कि परीक्षाओं के तनाव को कैसे संभालना है- एक शेड्यूल बनाना, दोस्तों से बात करना, अधिक अध्ययन करना, टीवी देखना, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना, माता-पिता या अन्य वयस्कों से बात करना, वर्कआउट करना आदि- कुछ बच्चों को इसकी आवश्यकता होती है। उन्हें दूसरों की तुलना में अधिक सहायता और मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है। लेकिन, यदि आवश्यक हो, तो हमेशा मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, परामर्शदाता या किसी परिचित व भरोसेमंद व्यक्ति से मदद लेने का सुझाव दिया जाता है।

**'आत्मविश्वास मायने रखता है: हर बच्चे में एक अनोखी क्षमता होती है'**

यह ध्यान रखना हमेशा महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक बच्चा अलग है और कुछ रणनीतियां काम कर भी सकती हैं और नहीं भी। इसलिए, बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं और उसके स्वभाव को देखते हुए पढाई के तौर-तरीकों में परिवर्तन करना भी जरूरी हो जाता है।

**(लेखिका : प्रो सरोज शर्मा एनआइओएस की अध्यक्ष और डॉ सुनीता जे कथूरिया सलाहकार (अनुसंधान एवं मूल्यांकन), एनआइओएस हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### जयंती पर याद किये गये बाबा तिलका मांझी

# बाबा तिलका मांझी के साहस और पराक्रम से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत : मंगल कालिंदी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड की पहाड़ियों पर ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लेने वाले भारत के स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी के जयंती जुगसलाई विधान सभा के अलग अलग क्षेत्र में मनाया गया। रविवार को बाबा तिलका मांझी के जयंती के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने छोटा गोविंदपुर बाबा तिलका मांझी चौक में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। वही तिलकागढ़ हलुदबनी में बाबा तिलका मेमोरियल क्लब के द्वारा वर्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम,पूर्वी हलुदबनी पंचायत भवन में झारखंड शिल्प एवं खाद्य मेला,पूर्वी हलूदबनी पंचायत भवन तिलकागढ़ में महारक्तदान शिविर, खाकड़ीपाड़ा स्कूल मैदान में ग्राम विकास समिति छोटा गोविन्दपुर के द्वारा एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों को पुरुस्कार भेट कर उनका मनोवल बढ़ाया। मौके पर विधायक ने कहा बाबा तिलका मांझी का जन्म 11 फरवरी 1750 में हुआ था। वे संथाल समुदाय के पहली आदिवासी नेता थे। उन्होंने अंग्रेजों के संसाधनों पर कब्जा व शोषण के खिलाफ लड़ने के लिए आदिवासियों को एक सशस्त्र समूह बनाने में संगठित किये थे। उन्होंने झारखंड की पहाड़ियों पर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1784 में हथियार उठाए थे। लंबी संघर्ष के बाद अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा दी थी।

विधायक ने कहा बाबा तिलका मांझी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके साहस व पराक्रम से आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी,जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया संघ ज़िला अध्यक्ष पलटन मुर्मु, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, मुखिया पानो मुर्मु, मुखिया चाँदमोनी बारदा, पंचायत समिति सदस्य नारायण बेसरा, ग्राम प्रधान कृष्णा हेमब्रम, ग्राम प्रधान गणेश मुर्मु,झामुमो नेता पंकज गोप, रजनी दास, घासीराम बारदा, सागर महतो, जगदीश गोप, देवकी मुर्मु, बुलबुल दास, सूरज हेमब्रम सहित क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# डीसी और उपविकास आयुक्त ने फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का किया सेवन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जारहा है। अभियान के दौरान कूल 3,93,663 लोगों ने फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन किया। रविवार को घर घर में जाकर दवा खिलाई गयी। इस अवसर पर डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने सपरिवार फाइलेरिया की दवा का सेवन कर जिलेवासियों से दवा खाने के लिए की अपील। वही उपविकास आयुक्त मनीष कुमार ने जुगसलाई कस्तूबा गांधी विद्यालय में फाइलेरिया की दवा का सेवन कर छात्राओं को दवा खाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा डीईसी और अल्बेंडाजोल की दवा वितरित की जा रही। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं व गंभीर रोग से पीड़ित लोग को दवा का सेवन नहीं करेंगे। डीसी ने कहा समस्त जिलेवासी अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान रखते हुए इस अभियान में फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करें। उन्होंने कहा जिले में कुल आबादी का 85 फीसदी लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। आंगनबाड़ी सेविका व स्वास्थ्य विभाग के सहिया के देखरेख में यह कार्यक्रम किया जा रहा। उन्होंने कहा एम.डी.ए के तहत अल्बेंडाजोल का सेवन काफी जरूरी है। इससे कुपोषण की समस्या पर रोक लगाई जा सकती है। फिलहाल जिले में 19,16,064 लोगों को खिलाना लक्षित है। अभियान के तहत कूल 3,93,663 लोगों ने दवा का सेवन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला में 4339 दवा प्रशासक व 254 सुपरवाइजर को प्रशिक्षित किया गया।

# भाजपा ने प दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा महानगर ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। रविवार को साकची जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व मे कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय जयकार से कार्यालय परिसर गुंजायमान रहा। वही जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में साकची जेल चौक में दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित करने वाले एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचारक थे। समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहे। उनकी एकात्मक मानववाद की दृष्टि निर्धनता और अशिक्षा को दूर कर समाज के सभी स्तरों पर समानता स्थापित करने की रही है। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण के लिए हितग्राही मूलक योजनाएं लगातार चला रही हैं। कार्यकर्ताओं ने सहयोग निधि में किया समर्पण संगठन की गतिविधियों को संचालित करने के लिए भाजपा कार्यकताओं ने 'समर्पण दिवस' के मौके पर सहयोग राशि समर्पित की। कार्यकताओं ने बंद लिफाफे के माध्यम से सहयोग निधि में अपना अंशदान समर्पित किया।

**विभिन्न मंडलों में मनाया गया समर्पण दिवस।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, नीरज सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, पप्पू सिंह,नीलू मछुआ, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह,नारायण पोद्दार,कौस्तव रॉय,राजीव रंजन सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय, अजय सिंह, हलदर नारायण साह, दशरथ चौबे, हरिकिशोर तिवारी, पुरुषोत्तम मिश्रा, अप्पा राव, विजय तिवारी, अमिताभ सेनापति, अमरजीत सिंह राजा, अभिमन्यु सिंह, अमित सिंह, शैलेश गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, शशांक शेखर, दिलीप पासवान, अमर सिंह, दीपक सिंह, ऋषव सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, अभिषेक डे, रामप्रसाद जायसवाल, रमेश विश्वकर्मा, संजीत चौरसिया, महेंद्र प्रसाद, अतुल प्रभात, मुकेश कुमार, सोनू सिंह मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
07

## सुनील किस्पोटा के परिवारजनों से मिथिलेश ठाकुर मिले



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के भंडरिया निवासी दिवंगत आदिवासी नेता सह विधायक प्रतिनिधि सुनील किस्पोटा के भंडरिया स्थित घर पर जाकर उनके परिवार जनों से पूर्व मंत्री गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर मिले और दुख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए कहा कि सुनील किस्पोटा जी हमारे बीच नहीं हैं, किंतु उनके परिवार जनों के साथ झामुमो परिवार हर सुख दुख में साथ खड़ा है। इस मौके पर परिजनों के अलावा पूर्व प्रमुख झामुमो नेत्री ज्योति लकड़ा, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला युवा अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू सहित झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिरोईखुर्द पंचायत झामुमो महिला मोर्चा कमेटी का गठन, गीता देवी बनीं अध्यक्ष



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला पंचायत कमेटी का रविवार को गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गीता देवी को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि संध्या देवी को सचिव, ललिता देवी को कोषाध्यक्ष और हिरामणी देवी, कलिंदा देवी, रीता कुमारी, राजकुमारी देवी, देवंती देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर झामुमो महिला मोर्चा रंका प्रखंड अध्यक्ष पूर्व मुखिया मालती देवी, प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी, पंचायत अध्यक्ष सहित काफी संख्या में महिला और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रॉकस्टार क्रिकेट टूर्नामेंट का मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने किया आगाज



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ पंचायत में रविवार को रॉक स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर शुरूआत किया। टॉस विजेता मां भगवती क्लब केतार के टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 99 रन बनायें। जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी मां भगवती टीम ने 12 ओवर में 86 रन बनाकर मैच हार गयी। जो मां भगवती क्लब टीम ने 14 रन से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाया। वहीं विजेता टीम में ऐनुल परवेज को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। ऐनुल परवेज ने 14 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। मैच में अंपायर की भूमिका में अवधेश बैठा और चंदन रजक का दिलचस्ब निर्णय देखने को मिला। मौके पर मनोज फौजी, रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवनीत सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष भोला सिंह, संरक्षक रविंद्र ऐनुल सोनी, सोनू सिंह, अंगद विश्वकर्मा, मुन्ना रजक सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# खुटहेरिया विकास की किरणों से कोसों दूर था : रामचंद्र चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता



कांडी। क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी और मुखिया अनिता देवी ने रविवार को खुटहेरिया पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से दो किलोमीटर लंबी और 1.96 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। मुख्य सड़क पखनाहा मोड़ से कुसुम नदी होते प्राथि पखनाहा तक उक्त सड़क का निर्माण किया जाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचालन राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि 1994 -95 में यह क्षेत्र विकास की किरणों से कोसों दूर था। यहां पर न सड़क थी और न नदी नालों पर पूल पुलिया भी नही था। उक्त सड़क पर अपनी वाहनों से गुजरने वाले लोग हनुमान चालीसा पढ़ते हुए अपने गंतव्य तक आना जाना करते थे। आपसे मिली आशीर्वाद से मैं चार बार विधायक बना। उसके बाद मैंने इस क्षेत्र के सड़कों और पूल पुलिया के निर्माण कराने का काम किया। सभी गांवों व टोलों में बिजली पहुंचाने का काम भी किया। पीएम आवास का लाभ दिया गया। मध्य विद्यालय खरसोता को हाई स्कूल का दर्जा दिलाया। विधायक से भाजपा को वोट देने का अपील लोगों से किये। कार्यक्रम में मुखिया अनिता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि पखनाहा बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र रहा है। आज यहां सड़क का निर्माण होना विकास का पहला कदम है। मुखिया ने विधायक से पखनाहा के पाल और यादव टोला में विद्युतीकरण का कार्य कराने की मांग किया। इससे पूर्व मुखिया अनिता देवी ने अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर विधायक जा स्वागत किया। मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष संजय कमलापुरी, ओम प्रकाश मेहता, जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, विश्रामपुर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने भी लोगों को संबोधित किया। मौके पर सरकोनी पंचायत मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, दुदुन उपाध्याय, विनोद राम, रविंद्र राम, राम लखन चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा शओम गणेश सुदामा धर्मशाला टंडवा बूथ नं 145 पर वार्ड नं 18,19,20 में प्रदेश के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो और कार्यक्रम के प्रभारी जिला के उपाध्यक्ष हरेंद्र कुमार द्विवेदी नगर मंडल के प्रभारी श्रामाशीष तिवारी ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल के अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा किया गया। अध्यक्ष उमेश कश्यप बताया कि यह कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत हम सबको एक रात बूथ पर बिताना है और मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को हमें जन-जन तक पहुंचाना है और यह हम सब कार्यकर्ताओं का संकल्प का समय है कि अबकी बार 400 पार प्रधानमंत्री के इस नारे को बुलंद करना है। और हम सबको निष्ठा पूर्वक चुनाव के समर में कूद पड़ना है। प्रभारी हरेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि हम सब भाजपा के बुनियादी कार्यकर्ता है, जब भाजपा का झंडा ढ़ोने वाला यहां पर कोई नहीं था, तब भी हम लोगों ने बड़े हिम्मत और समर्पण भाव से पार्टी के लिए सेवा किया। आज तो समय आ गया है कि पूरे देश में राम राज्य का लहर चल पड़ा है, भारत मां का लाल गरीबों का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना है और इसने राम जी को राम महल में स्थापित किया। मौके पर उपस्थित जिला के वरिष्ठ नेता गौरी शंकर बिंद, कैलाश कश्यप, अनवर साह, राकेश गुप्ता, संतोष कश्यप, लखन आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद दीवार लेखन का कार्य किया गया। मौके पर अध्यक्ष ने मोहल्ले के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित भी किया। जिसमें मंदिर के पुजारी श्री महेंद्र पाठक वृद्ध मतदाता देवनारायण, शंभू सोनी वार्ड पार्षद सविता देवी एनजीओ से विनोद सोनी को सम्मानित भी किया गया।

## ग्रामीणों ने पुलिस से फरार हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के ग्राम सोनदाग निवासी धीरज भुईया के चार वर्षीय पुत्र की पिछले सप्ताह गांव के ही व्यक्ति के द्वारा बेरहमी से हत्या कर दिया गया था, जिसमें शामिल दो हत्यारे को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। बाकी हत्यारे जो शामिल थे उनकी गिरफ्तारी आज तक नहीं हुई है, जिन्हें गिरफ्तार करने को लेकर गांव के लोगों के द्वारा बैठक किया गया। इस बैठक में ग्रामीणों के द्वारा पुलिस से फरार हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की गयी। बैठक में इस मामले की जानकारी जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह को भी दिया गया जिसमें नितेश सिंह ने कहा कि बच्चे की हत्या करने वाले को बक्सा नहीं जायेगा। जितना जल्द हो सके गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा और पिड़ित परिवार को पूर्व मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर के तरफ से हर संभव मदद दिलाया जायेगा। इस मौके पर धीरज भुईया, झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, पंचायत अध्यक्ष संतोष ठाकुर, अनिल राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय पीएम पोषण कुकिंग कंपटीशन का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड संसाधन केंद्र के अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उर्दू उच्च विद्यालय बांदू चुतरू में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक बीआरसी रंका के आदेशानुसार संकुल स्तरीय पीएम पोषण कुकिंग कंपटीशन का आयोजन सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें संकुलाधिन विद्यालयों के रसोईयों के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण मध्याह्न भोजन तैयार कर स्टाल लगा कर प्रदर्शित किया गया। जिसमें निर्णायक मंडली के द्वारा सभी मानकों के निर्धारण के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिसमें उर्दू मध्य विद्यालय बांदू चुतरू को प्रथम, नव प्राथमिक विद्यालय गुठल टोला बांदू को द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बाजार टोला बांदू का चयन किया गया। जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पासवान, सहायक शिक्षक लक्ष्मण यादव (नव प्राथमिक विद्यालय दौराड चुतरू), मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो० हारूण रशीद सहित रसोईया उपस्थित थे।

## दिव्यांग और बेहद गरीब जनाबुद्दीन के परिवार को नहीं मिला अबुआ आवास



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राणाडीह पंचायत अंतर्गत कुरकुटा गांव का दिव्यांग, असहाय और बेहद गरीब जनाबुद्दीन अंसारी के परिवार को नही मिला अबुआ आवास। स्वंय जनाबुद्दीन एक पैर से दिव्यांग हैं साथ ही पत्नी कसीदा बीबी भी दिव्यांग हैं और एक लड़की शबनम खातून भी मानसिक रूप से दिव्यांग है। अपने सात सदस्यीय परिवार के साथ जनाबुद्दीन एक 10 फीट लंबा और 8 फीट चौड़ा और 5 फीट ऊंचा एक झोपड़ी में किसी तरह गुजर बसर करता है। उसने शिकायत करते हुए कहा कि गांव में पक्के घर वालों को अबुआ आवास का लाभ दिया गया है लेकिन मुझे नही मिला। अबुआ आवास की सूची में 96 नंबर पर मेरी पत्नी का नाम कसीदा बीबी अंकित है। लेकिन जांच टीम ने मेरे पास क्या देखकर कौन सा आवास देखकर नाम को काट दिया। आवास का लाभ मुझे नही दिया गया। उसने बताया कि मैं अपने बाल बच्चों के साथ इसी झोपड़ी में पिछले 16 वर्षों से किसी तरह गुजर कर रहा हूं। मैं बरसात के मौसम में चार महीना गांव के दुर्गा मंडप में अपने पूरे परिवार के साथ रहकर समय गुजारा हूं। लाचार बस दो साल तक सामुदायिक भवन में रहा हूं। इतनी विपरीत हालात के बाद भी आवास का लाभ नही मिलना आश्चर्य होता है। जबकि दो वर्ष पूर्व गांव में बसे लोगों को भी आवास का लाभ मिला है। उसने कहा कि इससे पूर्व जिसे पीएम आवास का लाभ मिल चुका है उन्हें भी अबुआ आवास का लाभ मिला है। गांव के ग्रामीण साबीर अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, नजाबुद्दीन अंसारी, विजय राम, नंद कुमार राम, बाबूलाल कुमार बसंत राम और कैलाश पासवान ने बताया कि गांव में जनाबुद्दीन अंसारी अबुआ आवास के लाभ प्राप्त करने के लिए सभी बिंदुओं पर सही है। गांव में सबसे पहले जनाबुद्दीन अंसारी को ही आवास मिलना चाहिए था। इस संबंध में पंचायत मुखिया ललित बैठा ने बताया कि अबुआ आवास के लिए जनाबुद्दीन अंसारी की पत्नी का नाम पहली सूची में नाम दर्ज है लेकिन फाइनल सूची में नाम शामिल नही हो सका जिस कारण अबुआ आवास नही मिला है। मैं कोशिश कर रहा हूं कि अंबेडकर आवास योजना के तहत आवास मिल सके।

# एआइएमआइएम पार्टी गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी: डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। चिनिया प्रखंड मुख्यालय स्थित अनहरीदाह में एआईएमआईएम पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अतिशीघ्र चिनिया प्रखंड का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पार्टी के लोगों ने कहा कि अतिशीघ्र चिनिया प्रखंड का विस्तार कर पंचायत और बुथ कमेटी को मजबूत किया जायेगा। मौके पर एआईएमआईएम पार्टी के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी है। पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। हमें सिर्फ पार्टी की विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव निश्चित तौर पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम लड़ने का काम करेगी। इसका सभी लोग समर्थन कर रहे हैं। डॉ एम एन खान ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार और मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गये। इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। आप सब भली भांति जानते हैं कि झारखंड सरकार किसानों के जमीन हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी का सुधार करने की बात, वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन के तहत दो हजार पांच सौ रुपये प्रति माह देने और पढ़ें लिखे बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात की थी। प्रधानमंत्री आवास योजना में केंद्र सरकार के अलावा झारखंड सरकार द्वारा राशि दिये जाने की बात की गयी थी। लेकिन राज्य सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर सका। सब वादा ही बनकर रह गया। इस अवसर पर पलामू प्रमंडल सह गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ एमएन खान, गढ़वा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, गढ़वा जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, गढ़वा युवा जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, युवा गढ़वा प्रखंड सचिव अवध किशोर मेहता आदि उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पूरे झारखंड में 10 से 25 फरवरी तक चलाया जायेगा: डॉ असजद अंसारी

**इसकी शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने खुद दवा खाकर किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीए 2024 का उद्घाटन फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर किया गया। इसकी शुरूआत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने खुद दवा खाकर किया। इस मौके पर भीबीडी पदाधिकारी डॉ पुष्पा सहगल द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया गया। इस मौके पर अस्पातल के सभी चिकित्सक सह कर्मी ने फाइलेरिया रोधी दवा खाया। इस मौके पर डॉ असजद अंसारी ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पूरे झारखंड में 10 से 25 फरवरी तक चलाया जायेगा। 10 फरवरी को बूथ पर इस शुरूआत की गयी। वहीं 11 फरवरी से डोर टू डोर जाकर खिलाया जायेगा। इस अभियान में एएनएम, पोषण सखी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया चूंकि मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाये। इसके लिए घर के आस-पास और अंदर साफ- सफाई रखें। पानी जमा न होने दें। वहीं समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने। हाथ या पैर में कहीं चोट लगी हो या घाव हो तो उसे साफ रखें। साबुन से धोएं और फिर पानी सुखाकर दवाई लगा लें। उन्होंने लोगों से सरकार के अभियान का लाभ उठाने की अपील की। यह दवा दो साल से कम उम्र, गर्भवती व गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति को नहीं दी जायेगी। डॉ असजद ने सभी लोगो से आग्रह किया की फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खायें। इस मौके पर अरविंद दिवेदी, बीपीएम सुधीर कुमार, पंकज विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मां सरस्वती की पूजा की तैयारी जोरों पर



सगमा (आजाद सिपाही)। 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा की तैयारी जोरों पर है। प्रखंड में जगह-जगह मूर्तिकार पूरी तन्मयता से मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देते हुए दिख रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र मके मूर्तिकार देवी सरस्वती की प्रतिमाओं को तैयार करने में युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। हालांकि, धूप ना उगने से उनकी परेशानियां भी बढ़ी हैं। इधर, बाजार में रेडीमेड मूर्तियों के आने से स्थानीय मूर्तिकारों को उचित मुनाफा नहीं होने के साथ ही प्रतिस्पर्धा भी बढ़ गयी है। मूर्तिकार सपरिवार प्रतिमा बनाने में जुटे हुए हैं। कोई मिट्टी ला रहा है तो कोई उसे गीला कर प्रतिमा को आकार दे रहा है। मूर्तिकार कृष्णा विश्वकर्मा ने बताया कि पहले की अपेक्षा वर्तमान में मूर्तिकारों की स्थिति दयनीय है। हालांकि, पुरानी परंपरा को आज भी आगे बढ़ाने का काम वे कर रहे हैं, लेकिन लागत और मेहनत के अनुसार मुनाफा नहीं मिल पाता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि मूर्ति निर्माण के बाद उसकी बिक्री नहीं हो पाती है। अगले वर्ष तक मूर्ति बेचने का इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान कई मूर्तियां नष्ट हो जाती है जिसका नुकसान उन्हें वहन करना पड़ता है जिसके कारण आर्डर मिलने पर ही मूर्ति बनाया करते है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभितक 20 मूर्ति का बुकिंग मिला है। मूर्तिकार कृष्णा विश्वकर्मा ने बताया कि पूरे वर्ष मूर्तिकारों को काम नहीं मिलता है। जिस कारण अपने परिवार के जीवनयापन के लिए अन्य काम भी करने पड़ते हैं। 12 फरवरी तक सारे मूर्तियों का फाइनल टच दे दिया जायेगा। प्रतिमाओं की कीमत एक आठ सौ से लेकर चार हजार हजार रुपये तक की मां सरस्वती की बनायी जा रही है। हालांकि डिमांड में कोई वृद्धि फिलहाल नहीं देखी जा रही है। बावजूद इसके मूर्तिकार हर्ष के साथ देवी की विभिन्न छवियों की प्रतिमाओं को सवांरने और सजाने में लगे हुए हैं।

## छात्रों को व्यावसायिक भ्रमण पर लाया गया



केतार (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय परसोडीह में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से भरी बस को व्यावसायिक भ्रमण के लिए जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि अजय राम, उप मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र गुप्ता, प्रधानाध्यापक दीपक सिंह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लव वर्मा ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित दोनों ट्रेड ऑटोमोटिव, टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी के नामांकित छात्र छात्राओं को व्यवसायिक भ्रमण पर लाया गया। उससे संबंधित कौशलों पर प्रशिक्षित ट्रेनर द्वारा विस्तार और प्रेक्टिकल रूप से चर्चा किया गया। इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्य सुदीप गुप्ता और शिक्षक अविनाश दुबे, दिलीप कुमार, रेखा, सुनीता सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जवाबदेह राजनीति को स्थापित करना होगा : सुदेश महतो

- जनता की आशा, विश्वास और भरोसा आजसू पार्टी के साथ है
- राज्य की साख बचाना अब जरूरी हो गया है
- चतरा के प्रतापपुर में आजसू के पंचायत और ग्राम प्रतिनिधियों का सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



चतरा। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड में चल रही सरकार ने राज्य की छवि बिगाड़ कर रख दी है। जिस तरह के हालात बने हैं उसमें राज्य को संवारना और साख बचाना जरूरी है। साथ ही जवाबदेह राजनीति को स्थापित करना होगा। यह बातें उन्होंने चतरा के प्रतापपुर में आयोजित पंचायत और ग्राम प्रतिनिधियों के सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि सरकार के लिए यह विदाई का साल है। राज्य के लोगों का शासन पर से विश्वास खत्म हो गया है। नियोजन, विस्थापन की समस्या दूर करने और स्थानीय नीति बनाने का वादा कर के सत्ता में आये लोग अपने वादे को भूल गये। चतरा के विधायक और सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता पर निशाना साधते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि चतरा की जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि बना कर सदन में भेजा। इनके श्रम और नियोजन मंत्री होते हुए भी मात्र 54 लोगों को नौकरी ही मिल पायी। वह भी होम गार्ड और कंप्यूटर ऑपरेटर की। युवाओं को नियोजन से जोड़ने के लिए नियोजन नीति बनाने में भी मंत्री विफल रहे।

सरकार रोजगार मेले का आयोजन कर प्राइवेट कंपनियों में युवाओं को काम के नाम पर ऑफर लेटर थमा देती है, पर दूसरे राज्यों में जाकर 10- 12 हजार के काम से किसी का घर-बार चलता है क्या। श्री महतो ने कहा कि चतरा के प्रति हमारी राजनीतिक जवाबदेही और जिम्मेदारी है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनता के विचारों को एकत्रित करने का काम करें। जोरी को ब्लॉक बनाने के हमारे मंत्रिमंडल का फैसला आज भी स्थगित है। आजसू पार्टी जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि आज राज्य का कोई भी कर्मचारी और पदाधिकारी बिना पैसे लिए किसी फाइल पर हाथ नहीं लगाता।

**जयंती पर याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी :** इस मौके पर अमर शहीद तिलका मांझी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत, उमेश सिंह भोक्ता केंद्रीय सचिव पारस नाथ सिंह, अवध किशोर केंद्रीय सदस्य, संदीप सिंह केंद्रीय सदस्य, बिनोद चंद्रवंशी, सत्येंद्र जायसवाल, गायत्री देवी, संध्या देवी, अनुराधा देवी, नगर अध्यक्ष कृष्णा, सिद्धार्थ शंकर राय समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पत्रकार अजय सिन्हा का संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से सनसनी

**रेलवे ट्रेक पर मिला पत्रकार का शव, शोक की लहर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी सह एक दैनिक हिंदी अखबार के पत्रकार अजय सिन्हा की रविवार को मौत हो गयी। अजय सिन्हा का शव लातेहार-डेमू रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक से थोड़ी दूर बरामद किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनो को सौंप दिया। मृतक पत्रकार के सिर समेत कई अंगो पर चोट के निशान पाये गये थे।



इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि करीब 2.30 बजे सूचना प्राप्त हुई की लातेहार जिला के एक दैनिक हिंदी अखबार के पत्रकार अजय सिन्हा का शव लातेहार और डेमु स्टेशन के बीच डाउन लाईन के किनारे पड़ा हुआ है। इस आशय की प्रविष्टि थाना दैनिकी में करते हुए इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम मे ज्ञात हुआ कि इनकी आकस्मिक मृत्यू प्रथम दृष्टया मालगाड़ी ट्रेन संख्या -32849 के सामने अचानक आ जाने से धक्का लगने से हुई है।

सत्यापन के क्रम में उक्त मालगाड़ी के चालक से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि ये उस ट्रेन को डाउन लाईन पर लेकर जा रहे थे। ट्रेन तेज गति से चल रही थी कि लातेहार ओर डेमू स्टेशन के बीच डाउन लाईन पर पोल संख्या 214/16 एवं 214/18 के बीच एक व्यक्ति अचानक ट्रेन के सामने आ गया जिस वजह से उसका रन ओवर हो गया। इसकी सूचना उनके द्वारा अपने कन्ट्रोल को भी दी गयी। उनके निधन पर चंद्रप्रकाश सिंह, सुनील प्रसाद, आशीष टैगोर, राजीव मिश्रा, बद्री प्रसाद, संजीव गुप्ता, संजीव गिरी, मनीष उपाध्याय, संजय तिवारी, नीरज सिन्हा, संजीत पांडेय,बीरेंद्र प्रसाद, योगेश प्रसाद, पंकज प्रसाद, विवेक सिन्हा, उत्कर्ष पांडे, मुकेश सिंह, विभूति नाथ सिंह, रामकुमार राम, संजय प्रजापति, राजेश प्रसाद, विकास तिवारी, राहुल पाण्डेय, रुपेश कुमार, अमित दास, सौरभ कुमार गुप्ता, मनोजदेव दत, रुपेश अग्रवाल, धीरज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद समेत जिले भर के पत्रकारों ने शोक प्रकट किया है।

### अजय सिंह की रहस्यमयी मौत का उद्भेदन हो

# हत्या या एक्सीडेंट इस गुत्थी को सुलझाये पुलिस : प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस से मांग की है कि वह अजय सिंह की मौत की घटना का उद्भेदन करें। ये हत्या थी या एक्सीडेंट? यह बात साफ होने से संशय के बादल हट जायेंगे। प्रतुल ने कहा कि जब तक इस घटना से पर्दा नहीं हटेगा, तब तक अफहावों का बाजार गर्म रहेगा जो उचित नहीं है। उन्होंने लातेहार के पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि वह अति शीघ्र मामले की गहरायी तक जाकर पूरी घटना को जनता के सामने स्पष्ट करें।



प्रतुल ने कहा एक युवा पत्रकार की मौत बहुत ही दुखद घटना है। उन्होंने उपायुक्त से भी आग्रह किया कि सरकारी प्रावधानों के अनुसार या अपने विशेष अधिकार वाले फंड से मृत पत्रकार के परिजनों की यथा संभव सहायता करें। प्रतुल ने उपायुक्त से यह भी आग्रह किया कि वह मुख्यमंत्री रिलीफ फंड से भी सहायता की अनुशंसा करें। इस शोक की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार समेत पूरे जिले के लोग मृतक के परिजनों के साथ हैं। प्रतुल ने अजय सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से कामना की उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## सदर थाना के नये थाना प्रभारी का स्वागत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा प्रखंड के चौकीदारों ने जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी के नेतृत्व में सदर थाना के नये थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर को बुके देकर स्वागत किया। थाना प्रभारी ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में आंख कान खुला रखने को कहा। जहां दिक्कत महसूस होती हो तुरंत थाना प्रभारी को बताएं। हम हमेशा आपके साथ हैं। उन्होंने चौकीदारों को शराब का सेवन नहीं करने का नसीहत भी दिए। कोई भी छोटी बड़ी सूचना प्राप्त हो तुरंत थाना प्रभारी को सूचित करने का निर्देश दिए। मौके पर चौकीदार संघ के जिला अध्यक्ष शमसुल अंसारी, अनिल उरांव, सुरेश उरांव, बरतु उरांव, शनिचरिया उराइन, प्रति उराइन एवं अन्य चौकीदार उपस्थित थे।

## सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहर के पुराना शुक बाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर में हनुमानजी व विश्वकर्मा भगवान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें करीब तीन हजार महिला पुरुष किशोरी तथा विभिन्न धार्मिक समाजिक संगठन के भक्तगण शामिल हुए। जो हनुमान मंदिर परिसर से अजय पार्क से होते हुए बरवा टोली,महाबीर चौक अपर बाजार, जामा मस्जिद, महात्मा गांधी बीर शिवाजी मार्ग न्यू रोड़ होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस क्रम में हजारों भक्तों खासकर कर किशोरी व महिलाएं बैन्ड और डीजे के राम भक्त धून में गगन भेदी जयकारे के साथ जमकर नाचे। शोभायात्रा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन मौके पर वेदी विसर्जन, पुष्पाजंलि, शांति जल ग्रहण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज प्रजापति दीपक अग्रवाल महेन्द्र प्रजापति एसडीएम अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद राजेन्द्र खत्री अजय मितल अजय प्रजापति इंद्र प्रजापति प्रमोद प्रजापति अभिशेक शर्मा गुडू गुप्ता दीपक गुप्ता आनंद साव नवल अग्रवाल शिव प्रजापति आशीष गुप्ता सूरज गुप्ता मनोहर गुप्ता प्रदीप कुमार कुलदीप गुप्ता विवेक शर्मा राहूल प्रजापति अभिषेक शर्मा मोहन राजु गुप्ता मनू कनू किरण देवी मीना शुष्मा रीषिका मिली समेत बडी संख्या में भक्त व गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर लगातार तीसरे भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या में आरती प्रसाद वितरण व कीर्तन मण्डली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हुआ।

# देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप नवनिर्मित देवी मंडप मे देवी मां का प्राण प्रतिष्ठा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व छिपादोहर मे श्रद्धालुओ के द्वारा देवी मां को डोली में बैठाकर नगर भर्मण कराने के बाद नवनिर्मित देवी मंडप मे नौ देवी मां का मंत्रोंचारण के साथ हवन पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा किया है। नवनिर्मित देवी मंडप का उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, छिपादर मुखिया वेरोनिका कुजूर,मुन्ना गुप्ता के द्वारा फीता काट कर किया है। साथ ही साथ भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडली के संरक्षक दीपा देवी, माधुरी देवी, एवं मंजू देवी, अरुण प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, पवन गुप्ता, राजू प्रसाद, निजामुद्दीन अंसारी, रविंद्र राम, विजय यादव, श्रवण सिंह, डॉक्टर सुशील, सुरेंद्र राम, आनंद प्रसाद, दीपक प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी एवं काफी संख्या में मंडली महिलाएं राम भक्त मौजूद थे।

## सेन्हा में मंदिर निर्माण कमेटी का गठन

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीठयो पंचायत में गोबरा टंगरा समीप मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामवासीयों का बैठक आहूत किया गया। जिसमें मंदिर निर्माण को लेकर कमिटि का गठन किया गया। इसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष रिपुसूदन साहू, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, सचिव सुजीत भगत को चयनित करते हुए कमिटि का विस्तार किया गया। कमिटि के पदाधिकारी ने सभी भक्तजनों से बढ़चढ़ कर सहयोग करने की अपील किया। जिससे मंदिर को भव्यता बनाया जा सके। मन्दिर निर्माण को लेकर बैठक में शामिल विहिप के अध्यक्ष रंजीत साहू ने कहा कि प्रखंड के सारे पूजनीय स्थल को जीणोद्धार के साथ बाउंड्री कराया जायेगा। बैठक मे मुकेश सिंह, सतीश सिंह, रवि साहू, देवेंद्र ,दीपक साहू के अलावे गांव के ग्रामीण शामिल रहे।

# पूर्व पंसस हत्याकांड का उद्भेदन करने पर कुडू थाना प्रभारी सम्मानित

**4 फरवरी की सुबह पूर्व पंसस और बाजार संवेदक संतोष मांझी की गोली मार कर हुई थी हत्या**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुडू / लोहरदगा ।** कुडू प्रखंड के उप प्रमुख एनुल अंसारी के नेतृत्व में रविवार को कूडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह को प्रखंड प्रमुख एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों ने फूल माला और पगड़ी बांध कर सम्मानित किया और आभार प्रकट किया।



ज्ञात हो कि बीते रविवार 4 फरवरी की सुबह पूर्व पंसस और बाजार संवेदक संतोष मांझी उर्फ मंगलू की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों में भय का माहौल व्याप्त था। इसको लेकर प्रखंड सहित जिले के प्रतिनिधियों और आम लोगों ने तुरंत अनुसंधान कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद जिले के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस हत्याकांड के लिए गठित की गयी। विशेष टीम ने आशा से बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस कांड का महज चंद दिनों में उद्भेदन किया और दोषी अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। इस पूरे अभियान में स्थानीय थाने के प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने भी अहम भूमिका निभायी।

एनुल अंसारी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक और उनकी पूरी टीम एक संवेदनशील और कर्मठ पुलिस पदाधिकारी ही नहीं बल्कि एंटी क्राइम एवं एंटी क्रिमिनल सोच रखने वाले व्यक्तित्व हैं। शहर के बीचो बीच हुए हत्याकांड का जिस रिकॉर्ड समय में इनके द्वारा उद्भेदन करके अपराधियों को जेल भेजा गया है। इससे कहीं ना कहीं आमजनों का विश्वास पुलिस प्रशासन पर कायम हुआ है।

## पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के प्रतिनिधि सह समाज सेवी रोहित कुमार यादव के द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से डूमरो ग्राम में 2,48,000 की लागत से पीसीसी निर्माण कराया जा रहा है। यह पथ मदन राम के घर से रामचंद्र राम के घर तक बनेगी ।जिला परिषद के प्रतिनिधि और समाजसेवी रोहित यादव ने कहा कि यह पथ बनने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी क्योंकि बरसात के दिनों में बहुत ही दिक्कतों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है जिससे काफी परेशानी होती है और पीसीसी पथ बनने से ग्रामीणों में भी बहुत खुशी है इस अवसर पर टुमारो पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो भी उपस्थित थी वही इस अवसर पर संगीता देवी मिथिलेश सिंह समेत कई मौजूद थे।

### आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मिली शिकायत की नहीं हुई जांच

# बीडीओ ने पीएचडी कार्यपालक अभियंता को भेजा पत्र

**मुकेश कुमार सिंह**

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखण्ड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान द्वारा 15 दिसंबर 2023 को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत में नलजल योजना की बुरा हाल को लेकर शिकायती पत्र बीडीओ को दिया था। बीडीओ ने इस शिकायती पत्र को कार्यालय के पत्रांक 68 दिनांक 19 जनवरी 2024 को जांच कर कार्रवाई के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के कार्यपालक अभियंता को पत्र प्रेषित किया है। पत्र के साथ शिकायती पत्र संलग्न को भी संलग्न किया गया है।



कार्यालयः-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,चन्दवा।

शिकायती पत्र में कामता पंचायत के, ग्राम भुसाढ़ में जल जीवन मीशन, हरघर नलजल योजना में लगाए गए सभी टावर एंगल की गुणवत्ता और टावर की फाउंडेशन, चापानल की प्लेट फार्म की जांच कर अधुरे कार्यों को जल्द पूरा कराया जाये। ग्राम हिसरी में हरघर नलजल योजना के लगे सभी टावर एंगल की गुणवत्ता और फाउंडेशन की जांच की जाय साथ ही फाउंडेशन की गढ्ढे को भरकर प्लास्टर कराया जाये। ग्राम चटुआग में लगे हरघर नलजल योजना के सभी टावर एंगल की गुणवत्ता और फाउंडेशन की जांच की जाय साथ ही सभी चापानल में प्लेट फार्म बनाया जाय और सभी घरों में पानी आपूर्ति करायी जाये।

ग्राम अंम्बादोहर में जल जीवन मीशन योजना का कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द सभी घरों में पानी की आपूर्ति करायी जाये। कामता पंचायत की ग्राम चटुआग, भुसाढ़, हिसरी में जल जीवन मीशन योजना, हरघर नलजल का कार्य का हाल बहुत ही खराब है। ग्राम चटुआग में आधी आबादी को नलजल का पानी नहीं मिल पायी है। ग्राम भुसाढ़ में सभी टावर की फाउंडेशन में अनियमित्ता बरती गयी है, फाउंडेशन के गढ्डों को बिना भरे, बगैर प्लास्टर किए छोड़ दिया गया है। चापानलों में प्लेट फार्म भी नहीं बनाया गया है। कई घरों में पानी ही नहीं पहुंच पायी है।

पंसस अयुब खान ने कहा कि पीएचडी के प्रधान लिपिक की करतूतों के कारण नलजल योजना में सुधार नहीं हो पा रहा है। जांच को एसडीओ ,जेई, प्रधान लिपिक (बड़ा) बाबू प्रभावित कर रहे हैं, भ्रष्टाचार को प्रधान लिपिक बढ़ावा दे रहे है।

# आदि महोत्सव में क्षेत्रीय हस्तकला और सांस्कृतिक प्रदर्शनी लगायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु, बुधन सिंह, शिव शंकर राम 'आर्य', छेदीलाल 'आजाद' की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार सह रंगमंच, चित्रकला आदि क्षेत्रों में झारखंड का प्रतिनिधि करने वाले लोहरदगा के जनजातीय समाज के कलाकार दिलेश्वर लोहरा को स्थानीय लोगों ने बधाई दी है। उनके द्वारा बनाये गये मणिपुर के पत्थर से बने बर्तन में सोहराय आदिवासी लोक चित्रकला को दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 10 से 18 फरवरी तक ट्राईफेड द्वारा आयोजित ₹आदि महोत्सव₹ कार्यक्रम में देश के राष्ट्रपति महामहिम द्रोपति मुर्मू को भेंट किया गया तथा झारखंड के सोहराय पेंटिंग आदि कला के बारे में जानकारी दी गयी। महोत्सव में देश के सभी राज्यों के जनजातीय समाज के तकरीबन 1000 से ज्यादा कारीगरों द्वारा 300 स्टॉल के माध्यम से क्षेत्रीय हस्तकला तथा सांस्कृतिक चीजों की प्रदर्शनी की गयी।



मौके पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा भी उपस्थिति थे। दिलेश्वर लोहरा की इस उपलब्धि पर सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, सड़क सुरक्षा सदस्य संजय बर्म्मन, अधिवक्ता देवाशीष कार, अनूप राय, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मोहन दुबे, बीके बालाजीनपा, फिरोज शाह, सुधीर अग्रवाल, क्रिकेटर आशीष कुमार, रिपु सू दन साहू, फुलदेव उरांव, तरुण देवघरिया आदि ने बधाई दी है।

## मनायी गयी दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो मंडल मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष लखन उरांव अगुवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर में पुष्प अर्पित तथा धुप बत्ती जलाकर 56वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोषित, पीड़ित के सच्चे हमदर्दी थे। उनकी सोच समाज के अंतिम बेयक्ति तक सुविधा पहुंचना, हमें उनकी सोच को पूरा करने की अवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव,विशेश्वर प्रसाद दिन,बजरंग उरांव, कैलाश महतो,नसीर आलम, तालीम अंसारी, रविनंदन शुक्ला इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनिका / लातेहार।** मनिका स्थित हाई स्कूल खेल मैदान में यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट 2024 का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी बबन कुमार, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, जिप सदस्य बलवंत सिंह,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान एवं अन्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। सभी अतिथियों को टूनार्मेंट कमेटी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय गान गा कर वीर शहीदों को सभी ने याद किया। अतिथियों ने सभी



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फीता काटकर मैच की शुरूआत की गयी। वही विश्वनाथ पासवान ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को हमेशा खेल की ही भावना से खेल खेल में हार जीत हमेशा लगा रहता है इसीलिए हारने से किसी को घबराना नहीं चाहिए जो खिलाड़ी एक बार हारता है वही दोबारा पूरे जोश के साथ मेहनत करके फिर जीतता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू हम लोगों के बहुत ही चहेते थे आज उनके याद में उनके पुत्र ने क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया है। उनके पुत्र हर वर्ष ही फुटबॉल टूनार्मेंट का भी आयोजन करते हैं जो बहुत ही अच्छा काम है। वही समाज सेवी बबन कुमार ने कहा कि खेल को बढ़ावा देना और लोगों को खेल के प्रति जागरूक करना बहुत ही अच्छा काम है स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू धन्य है जिनके ऐसे पुत्र हैं। मौके पर शिक्षक चंदन पासवान, विजय प्रसाद, सुरेंद्र भारती,अंकित कुमार, उत्तम कुमार, रंजीत प्रसाद, शिव प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भौरों ग्राम में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर निर्माण सह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष बादल प्रजापति के अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंदिर का निर्माण पूर्ण करते हुवे प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियो को लेकर विचार विमर्श किया गया और प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की गयी। 15 अप्रैल को कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, 16अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति का जलाभिषेक, 17 अप्रैल को नगर भ्रमण एवम प्राण प्रतिष्ठा, 18 अप्रैल को अखंड हरि कीर्तन और भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

# भाजपाइयों ने समर्पण दिवस के रूप में मनायी दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बारियातू।** बारियातु प्रखण्ड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय सहित क्षेत्र के कई बुथों पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिहं, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम के नेतृत्व मे रविवार को पं दीनदयाल उपाध्याय जी के फोटो पर माल्यार्पण कर उनके पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रुप में मनाया। वहीं उपस्थित भाजपा कार्यकताओं के बीच गांव चलो अभियान के तहत मोदी जी के गारंटी को घर-घर पहुंचाने का



संकल्प भी लिया। दूसरी तरफ भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप केशरी के नेतृत्व मे फुलसु पंचायत के करमा में दिवार लेखन कर जयंती मनाया। दिवार लेखन के साथ ग्रामीणों को मोदी सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी दिया साथ हि देश के विकास के लिए कमल छाप पर वोट देकर मोदी जी के हाथ मजबुत करने का आह्वान किया। मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोई भी देश अपनी जड़ों से कट कर विकास नहीं कर सकता: लक्ष्मण बड़ाइक

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में प. दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यकताओं ने उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने प. दीनदयाल को याद करते हुए कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय का नारा देने वाले थे। उनका कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिंदू संस्कृति है। उन्होंने अपनी परंपराओं और जड़ों से जुड़े रहने के बावजूद समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी नवीन विचारों का सदैव स्वागत किया। उपाध्याय जी का कहना था कि भारत की जड़ों से जोड़ी राजनीति अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का समर्थ रखती हैं कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सकता।

# लोहरदगा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने बनायी विशेष रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भाजपा को लोहरदगा लोकसभा सीट को बरकरार रखने की रणनीति बनाने की शुरूआत अब शुरू हो गई। रविवार को पंडित दीन दयाल के जन्मदिवस पर रणनीति की आधारशिला रख दी गई है। रविवार को गुमला के विरसा मुंडा पार्क के आनंदमयी भवन के सभागार में कई जिम्मेदार पदाधिकारियों के बीच लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले पांचों विधानसभा के संचालन समिति की जिम्मेदारियों के लिए कुछ नामों पर चर्चा हुई। इस बैठक को कई मायने में भाजपा के कार्यकर्ता अहम मान रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला की ओर से पं दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने पं दीनदयाल की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि उन्हीं की बनाई नीति की बदौलत भारत का दबदबा पूरी दुनियां में छा गया है। आम जनता एवं समाज के सभी वर्गों पर मोदी सरकार की विश्वसनीयता चरम पर है। किसानों, देश के युवा, गरीबों, और महिलाओं पर मोदी सरकार की लोकप्रियता और पहले से प्रगाढ़ हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने की। एवं मंच संचालन महामंत्री मिसिर कुजूर ने किया। इस कार्यक्रम के तुरंत बाद भाजपा की लोहरदगा लोकसभा स्तर की अति महत्वपूर्ण क्लस्टर बैठक सम्पन्न हुई। लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव में जीत के लिए विशेष रणनीति की आधारशिला रखी। लोहरदगा लोकसभा के सभी पांचों विधानसभा के संचालन समिति के सदस्यों के नामों पर विशेष चर्चा की गई, तथा आगामी लोहरदगा लोकसभा सीट पर जीत के लिए सभी मुख्य विंदुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। इस समर्पण दिवस सह क्लस्टर बैठक में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, माननीय सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधानसभा स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, प्रदेश के प्रवक्ता सह कॉल इंडिया के सदस्य डॉ अरुण उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव लोहरदगा के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री सघनु भगत, मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, लोहरदगा लोकसभा के सह संयोजक श्री सन्नी टोप्पो, गुमला जिला प्रभारी मनोज मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, पलामू लोकसभा प्रभारी विनय लाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह एवं विजय मिश्रा, लोहरदगा के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, लोहरदगा के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, एवं राकेश प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, भिखारी भगत, भूपन साहू, जिला उपाध्यक्ष लालमोहन साहू, गुमला जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, सत्यनारायण पटेल, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्ण सिंह, राणा सिंह, सहित लोहरदगा लोकसभा के अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी की बैठक संपन्न

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा बस्ती स्थित नवनुरी मदरसा में अंजुमन इस्लामिया कमेटी की बैठक सदर अलाउद्दीन खां और सेक्रेटरी नसीम खां उर्फ पप्पू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में अंजुमन के सभी सदस्यों ने कमीटी में कहां की कामडारा के कुछ मुसलमान भाईयों ने आज कल शराब,गांजा व जुआ खेलने की बात की जानकारी कमीटी में बताया ।वही सदर अलाउद्दीन खां ने सभी अंजुमन के सदस्यों को कहां कि गलत राह पर चलने वाले खुद अपने आप में सुधर लाए नहीं तो वैसे लोगों के घर पर अंजुमन के कोई भी सदस्य किसी काम में शामिल नहीं होंगे । सेक्रेटरी नसीम खां ने कहां कि मुसलमानों के लिए शराब जुआ,गांजा सख्त हराम है इसे सभी लोगों को दुर रहना है और बिना काम के कोई भी नवजान लड़ाकों को चौक चौराहा,चबुतरा पर न बैठे। जो अंजुमन की बात नहीं मानकर अपने हरकतों को नहीं सुधारते है तो अंजुमन इस्लामिया के सदस्य अपनी ओर से कारवाई कर स्थानीय पुलिस प्रशासन को आवेदन के साथ कारवाई करने गुहार लगाएंगे। इस मौके पर नसीम अंसारी,दिलदार हुसैन,हुसैन खां, नसीम खां,अजमुद्दीन खां,जलील खां रिजवान अंसारी समेत काफी संख्या में अंजुमन के सदस्य मौजूद थे।

## अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा की बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा की जिला स्तरीय बैठक 12 फरवरी को गुमला में आयोजित की जाएगी। बैठक में 16 फरवरी को अखिल भारतीय स्तर पर हो रहे ट्रेड यूनियनों के आम हड़ताल को सफल बनाने, 28 फरवरी को जिला मुख्यालय में हो रही जन संसद कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने, तथा किसानों की समस्याओं को आगामी लोकसभा चुनाव में उठाने के अलावे राज्य व जिले में किसान हित की योजनाओं में मची लूट व भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को आगे बढ़ाने जैसे सवालों पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श की जाएगी और आगे का रणनीति बनाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

# एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय चीक बड़ाइक समाज का मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति द्वारा कोनबीर सरहुल मैदान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय चीक बड़ाईक समाज का चुनाव एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह का मंच संचालन शशिकांत बड़ाईक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को समाज के गोपाल चीक बड़ाईक, सीताराम बड़ाईक, अमृता देवी, राजेश बड़ाईक, लालू बड़ाईक, अनिता बड़ाईक, श्याम सुंदर बड़ाईक, राजेश बड़ाईक, पीसी बड़ाईक समेत अनेक गण्यमान्य लोगों द्वारा संबोधित करते हुए समाज मे व्याप्त समस्याओं, आपसी विवाद को सुलझाने, आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक विकास पर अपने अपने विचारों को रखा गया। इस कार्यक्रम में विगत दिनों हुए प्रखंड समिति के चुनाव के संबंध में भी परिचर्चा की गयी और सभी पक्षो ने अपने अपने बातो को स्पष्ट रूप से रखा। जिसपर उपस्थित समाज के लोगो द्वारा दोनो पक्षो द्वारा लगाये गये आरोप प्रत्यारोप को दरकिनार कर समाज हित में काम करने का सुझाव दिया गया। लालू बड़ाईक द्वारा समाज के लोगो द्वारा विधायक के पास जाति संबधी गलत जानकारी देने एवं बड़ाईक समाज के आदिवासी होने के अस्तिव बचाने पर भी अपना विचार रखा गया। प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम बड़ाईक द्वारा अनेक प्रखंड कमेटी एव अनुशंसा कमिटी पर प्रश्नचिंह उठाते हुए अनेक सवाल किये गये। साथ ही अनिता बड़ाईक को विगत दिनों बनाये गये अध्यक्ष पद को बरकरार रखने की बात कही गयी जिसका सिलसिलेवार जवाब शशिकांत बड़ाईक द्वारा दिया गया। विवादों के बीच निर्वतमान अध्यक्ष गोपाल बड़ाईक को ही नये चुनाव तक प्रखंड सह अनुशंसा कमिटी के कार्यो का दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर चीक बड़ाईक के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# गुमला चेंबर ने दी गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार को विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार को गुमला से स्थानांतरण होने पर गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने उन्हें विदाई दी। चेंबर की ओर से उन्हें अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि विनोद कुमार के कार्यकाल को हमलोग हमेशा याद करेंगे। गुमला के व्यापारियों से आमजनों से, समाज के सभी वर्ग के लोगों से इनका जो लगाव रहा उसको भुलाया नहीं जा सकता। सबके साथ समन्वय बनाकर चलने की उनकी शैली के कारण गुमला में शांति का वातावरण बना रहा। इनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा। कसेरा ने आग्रह किया कि वे जब भी गुमला आये हमलोगों से जरूर मिले। गुमला के लोगों के दिलों में उन के लिए जगह है। पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा आज आपका यहां से स्थानांतरण होने पर हमलोगो आपको विदाई दे रहे हैं, इससे हमलोगो काफी दुखी भी हैं। परंतु यह तो एक सरकारी प्रक्रिया है, आना जाना लगा रहता है। हम सभी के तरफ से आपको शुभकामना है, जहां भी रहें खुब तरक्की करें।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा गुमला छोड़ कर जा रहा हूं इसका मुझे काफी दुःख है। गुमला में आप सभी ने जो प्यार और स्नेह मुझे दिया उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आप सभी का भरपूर सहयोग मुझे मिला है, इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। आप सभी को मेरी जब भी जरुरत पड़े आप मुझे एक बार जरूर याद करें।

मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, ब्रिज किशोर फोगला, संजीव मलानी, रितेश गुप्ता, प्रणय कुमार, मनीष गुप्ता आदि मौजूद थे।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों ने 11 सूत्री समस्याओं को लेकर दिया धरना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कचहरी परिसर स्थित हड़ताली वृक्ष के समीप गुमला जिले के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर बुनियादी समस्याओं को लेकर 11 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम उपयुक्त गुमला को आवेदन सौंपा। वक्ताओं ने कहा आउटसोर्सिंग में बहाल हुए कर्मियों को एजेंसी से मुक्त करते हुए संबंधित विभाग अंतर्गत अनुबंध नियुक्ति के रूप में समायोजित किया जाए। कंप्यूटर ऑपरेटर व डाटा एंट्री ऑपरेटर को मासिक परिलब्धि का भुगतान किया जाये। कर्मियों सात वें वेतन पुनरीक्षण के अनुरूप वित्त विभाग द्वारा वेतन राशि निर्धारण करते हुए मानदेय भुगतान किया जाये। कर्मियों को सम्मानजनक वेतन राशि निर्धारित करते हुए मानदेय भुगतान किया जाए। कर्मियों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षित की जाए। भविष्य निधि का प्रावधान किया जाए। सेवा कल के दौरान मृत्यु हो जाने पर एक माह के अंदर अनुकंपा के आधार पर आश्रितों को संविदा पर नियोजन का प्रावधान किया जाए। इसके अलावा अन्य और भी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कराया है।

## फा. पीपी वनफल के जन्मदिवस पर खेल का अयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट अकादमी ने 11 फरवरी को स्व. फादर पी.पी.बनफल के जन्म दिवस पर खेल का आयोजन किया गया। हरेक खेल विधिपूर्व और स्पोट्र्स अकादमी के निदेशक सैय्यद जुन्नू रैन की देख रेख में सम्पन्न हुआ। खेल में मुख्य रूप से हैंडबॉल, एथलेटिक्स, फुटबॉल का खेल का अयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत फादर पी.पी.बनफल के पसंदीदा दौड़ 1500 मीटर कराया गया। जिसमें प्रथम राहुल, दूसरा शशांक तिसरा संतोष को मिला। वही 400 मीटर मे पहला हर्षिकेश, दुसरा रोशन, तिसरा फैसल रहे। वही बालिका की 400 मीटर दौड़ में पहला प्रीति, दूसरा अनुष्का, तिसरा अनिमा रही। तत्पश्चत 15-15 मिनट की फुटबॉल मैच करवाया गया। जिसके बाद आयोजन का समापन में हैंडबॉल मैच खेला गया। जिसका खेल अकादमी गुमला और गुमला हैंडबॉल के बीच मैच खेला गया . स्पोट्र्स अकादमी के निदेशक सैय्यद जुन्नु रैन ने इस अवसर पर कहा फादर पी.पी.बनफल जी जिन्होनें गुमला जिला को खेल के क्षेत्र में गुमला को राष्ट्रीय स्तर पर पहुचाया। साथ ही उनके शिष्य खेल और पढ़ाई के क्षेत्र में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानाध्यापक के पुरस्कार विजेता फादर जेम्स लकड़ा के नाम पर भी बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन सीनीयर खिलाड़ी की देख रेख में किया गया। जिनमें दीपक कुमार, विक्रम, नीरज, अनीश, प्रवीण, सद्दाम खिलाड़ी मौजूद थे।

### डीआइजी जेल से मुलाकात करेंगी मिशन बदलाव की जिला सचिव

# मामला है जेलों में बंद गर्भवती महिलाओं की बढ़ती संख्या का

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय प्रजातांत्रिक मंच की महिला विंग की कार्यकारी अध्यक्ष एवं मिशन बदलाव की जिला सचिव सैय्यदा खातून के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही डीआईजी जेल से मुलाकात करेंगी। ममला है जेलों में बंद गर्भवती महिलाओं की बढ़ती संख्या का। सैयदा खातून ने बताया कि देशभर के जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही है। इस खबर पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजय करोल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों से इस मामले पर तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया है। गुरुवार 8 फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाईकोर्ट में उठाया गया था।

उक्त समाचार को संज्ञान में लेते हुए भारतीय प्रजातांत्रिक मंच गुमला जिला इकाई ने झारखंड सरकार से एवं महिला आयोग से अपील की है कि इस घटना को संज्ञान में लिया जाए एवं प्रत्येक जेलों में इसकी जांच की जाए। झारखंड के डीजीपी महोदय से अपील की गई है कि इस तरह की घटना इंसानियत को शर्मशार करने वाली घटना है। इंसानियत और मानवता को जिंदा रखने के लिए सभी जिले के वरीय पदाधिकारी से अपील की गई है कि इस घटना की जांच की जाए एवं प्रत्येक जिले में मिशन बदलाव एन जी ओ के सदस्यों को साथ में लेकर जांच की जाए। इस मामले में अपनी संवेदनाओं को व्यक्त करने वालों में संरक्षक मोहम्मद जहांगीर अंसारी, केंद्रीय अध्यक्ष मोहम्मद जैनुल अंसारी, केंद्रीय महासचिव मोहम्मद नजरुल हसन, केंद्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद तबरेज आलम, केंद्रीय महिला अध्यक्ष रिफत जहां अर्शी परवीन अंजुम बानो असगरी अंजुम एवं अन्य शामिल थे।

# बंदोडीह जंगल से हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट/ गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशन में पालकोट थाना पुलिस ने बान्दोडीह जंगल से तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना पर एसपी ने एसआईटी का गठन किया। सशस्त्र बल के साथ पुलिस बन्दोंडीह जंगल पहुंची। उसी क्रम में बन्दोंडीह गांव के तरफ से एक आते हुए वाहन का लाइट दिखाई दिया। पुलिस अपने वाहन के लाइट को बंद कर पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल जंगल में पेड़ की आड़ में छुप गए। जैसे ही बान्दोंडीह की तरफ से आ रही वाहन समीप पहुंचा रक्ळ टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से वाहन को घेर लिया और ऑटो में बैठे तीन युवक पुलिस को देखकर काफी घबरा गए। तीनों अपराधियों से पूछने पर जमगई करम टोली निवासी वीरेंद्र खड़िया, रायडीह थाना अंतर्गत सिप्रिंगा लुर्द टोली निवासी संदीप कुजूर और पालकोट थाना अंतर्गत कैम्बा बान्दों डीह निवासी बुद्धेश्वर नगेसिया के रूप में पहचान हुई। वहीं तीनों अपराधियों ने बताया कि बान्दोंडीह गांव धार व्यापारी जो की महुआ, धान, मड़वा आदि का कारोबार करते हैं से लेवी मांगने आए थे। वहीं तीनों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है गुमला व रायडीह थाना में कई धाराओं में उन पर पूर्व में केस की दर्ज है। वहीं छापामारी दल में पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा, संदीप राज, संतोष कुमार महतो, रमाकांत सिंह, अमित कुल्लू, जयवंत गुड़िया, कोर्नो लियूस सोरेंग, इंद्रजीत कुमार, निर्मल यादव शामिल थे।

## कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने दी थाना प्रभारी को विदाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार के तबादले पर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें उपहार भेंट कर विदाई दी। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि पहली बार किसी पुलिस पदाधिकारी को वो शुभकामनाओं के साथ विदाई दे रहे है। चूंकि इनका कार्यकाल उम्दा और बेदाग रहा है। मौके पर प्रदेश सचिव अकील रहमान, रोहित उरांव, अमृता भगत व अमर प्रदीप कुजूर ने भी अपने विचार रखे। इधर भाजपा के सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी ने कहा कि थाना प्रभारी ने पुलिस की छवि बदली है। इसलिए उनके जाने से शहरवासी दु:खी है। निश्चित विनोद कुमार जहां भी रहेंगे, बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में अपना योगदान देंगे।

# सभी क्षेत्रों में विकास कर रही हैं महिलाएं :अनिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** धर्मप्रांतीय काथलिक महिला संघ का 30 वां वार्षिक अधिवेशन सलंगापोस भिखारिएट अन्तर्गत जामपानी पल्ली में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मिस्सा पूजा सिमडेगा धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप विनसेंट बरवा ने किया। धार्मिक अनुष्ठान में सहयोगी वी.जी. फा. इग्नेस टेटे, डीन फा थॉमस सोरेंग और सभी विखारिएट के डीन फादर गण रहे। बिशप स्वामी ने मिस्सा पूजा में उपस्थित माताओं के लिए विशेष प्रार्थना किया और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए उनको धन्यवाद दिया। आगे चल कर सशक्त समाज के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारीयों और कर्तब्यों के निर्वाहन के लिए उन्हें प्रोत्साहीत कर शुभकामनायें दी।

कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कण्डुलना को सहृदय आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल कंडुलना ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा, आर्थिक तरक्की के बराबरी मौके मिल सकें। जिससे वह सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सके। बच्चों की प्रथम गुरु मां ही होती है। मां के व्यक्तित्व का बच्चों पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार का असर पड़ता है। वैदिक काल में, भारत में महिलाओं का बहुत सम्मानपूर्ण स्थान था। वे देवियों की तरह पूजी जाती थीं। किंतु, बाद में समय ऐसा आया जब चीजें बदल गयी। हमारा समाज पुरुष-प्रधान बन गया। महिलाओं को उतना सम्मान नहीं दिया जाता था, जिसकी वे पात्र थीं। किसी को यह अधिकार नहीं है कि औरत-मर्द के बीच भेद-भाव करे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभिन्न कैथोलिक धर्म समाज की धर्म बहनों के साथ साथ कार्यक्रम में झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील सुरीन, युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, प्रचारक विलियम केरकेट्टा, एडरियन कंडुलना, फा संदीप कुखेस और भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।


# चंडीगढ़ की कंपनी पर मजदूर ने लगाया ठगी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के रोधाडीह निवासी युवक परशुराम साय से चंडीगढ़ की एक कंपनी ने एक लाख 31 हजार रूपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने मजदूर संघ सीएफटीयुआई से उक्त राशि दिलवाने की गुहार लगायी है। गुमला जिला के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के मजदूर परशुराम साय से विदेश कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम से सीटूए ग्रुप कंपनी चंडीगढ़ के द्वारा एक लाख 31 हजार रूपए, ठगी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुरे मामले को लेकर मजदूर परशुराम साय ने गुमला आ कर मजदूर संघ सीएफटीयुआई के गुमला स्थित जिला वा झारखंड प्रदेश कार्यालय में आवेदन देकर राशि दिलाने में सहयोग करने का आग्रह किया है। इस संबंध में प्रदेश सचिव महिला विंग सुनीता कुमारी को लिखित आवेदन दिया गया है।

## गांव चलो अभियान चलाया गया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल भरनो के मंडल कार्यकारी अध्यक्ष संतोस कुमार पांडा के नेतृत्व में रविवार को भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत अमलीया शक्ति केंद्र अंतर्गत झझकी टोली,जामुनटोली, अमलीया बूथ नंबर 121, अमलीया अम्बाटोली बूथ नंबर 122 और खरका गांव के बूथ नंबर-123 में गांव चलो अभियान चलाया गया,ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उन्हें केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। वही साथ ही लोगो को भाजपा का पट्टा पहना कर सम्मानित भी किया गया और बुकलेट,झंडा भी दिया गया।इस मौके पर मंडल कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार पांडा,महामंत्री पीके सिंह,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नेशार खान,मंत्री सुदर्शन सिंह, अमलीया पंचायत प्रभारी हरी शंकर शाही,किसान मोर्चा अध्यक्ष जगजीवन सिंह, लक्ष्मण सिंह, सुभाष उरांव, अजीत गोप, शनिचरवा मुंडा, राम मुंडा, अक्षयवर सिंह, दिलेश्वर सिंह, कामेश्वर सिंह, दीपक सिंह, संतोष सिंह, अरुण सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## पलामू में चेरो राजा मेदिनी राय की याद में राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेले का पूर्व मंत्री ने किया आगाज

# शिवाजी मैदान में लगायी जायेगी राजा मेदिनी राय की प्रतिमा: मिथिलेश ठाकुर

**पूर्व मंत्री ने कहा: इस मेले को राजकीय मेला का दर्जा देना सरकार की उपलब्धि**

आजाद सिपाही संवाददाता



राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेले के उद्घाटन के अवसर पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह, डीसी शशि रंजन व अन्य।

**पलामू।** चेरो राजा मेदिनी राय की याद में आयोजित दो दिवसीय आदिवासी महाकुंभ मेले का उद्घाटन रविवार को मेदिनीनगर के दुबियाखाड़ में हुआ। मेले का आयोजन पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति की ओर से किया गया, जिसका शुभारंभ पूर्व मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पलामू डीसी शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार और मेला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। मेले का समापन सोमवार को होगा। मेला परिसर में पलामू जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि 1991 से यह मेला आयोजित किया जा रहा है। वर्षों से आदिवासी लोग इस मेले के माध्यम से अपनी संस्कृति, सभ्यता की पहचान को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के प्रयास से यह शुरू किया गया था और झारखंड की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार की सक्रियता से यह संभव हो पाया है कि यह मेला राजकीय मेले का रूप ले पाया। यह सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के लोगों की भावनाओं को तत्कालीन मुख्यमंत्री ने समझा और आदिवासियों के सपनों को पूरा करने का काम किया। आने वाले वर्षों में राजकीय मेले का परिदृश्य और भी बेहतर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनीराय की प्रतिमा शिवाजी मैदान में लगाई जाएगी।

### मेले को बेहतर करने में सभी का है सहयोग

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले की शुरूआत करने वालों ने काफी सराहनीय कार्य किया है. इस मेले को राजकीय मेला का दर्जा देने के कारण आदिवासी समाज आपको हमेशा सम्मान देने का काम करेगी. उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज शुरूआत से ही काफी कष्ट का सामना करते आ रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर उनके सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने मेला आयोजन की बेहतर तैयारी के लिए पलामू जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसकी व्यापक तैयारी में पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही है. साथ ही सभी लोगो ने मिलकर इसे बेहतर बनाया है।

### अगली बार होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि अगले वर्ष राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले का राज्यभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सुदूरवर्ती गांवों और कस्बों में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों तक प्रशासन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है. इससे समाज के लोगों का उत्थान एवं बेहतर विकास हो रहा है. उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से स्टॉल लगाकर सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने वनों में रह रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराने, मेला स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, आदिवासी छात्रावास का निर्माण करने आदि से संबंधित मांग रखी। वहीं, कलाकारों द्वारा आदिवासियों की भाषा संस्कृति एवं पहचान को प्रदर्शित करने वाला नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से आये लोक कलाकारों ने कई शानदार लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया. मौके पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं. बैनर, पोस्टर के माध्यम से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मेले में शहीद राजा मेदिनी राय के वंशजों पर लिखी पुस्तक ह्लअतीत के झरोखे और वर्तमान की झलकह्व का लोकार्पण किया गया।

### इन्हें मिला लाभ

मेले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पूनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, कुमारी श्वेता, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी नैना कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी, सीता कुमारी, गायत्री कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं खुशबू कुमारी, पुनीता देवी, शीला देवी, अनिमा पूनम केजर, अनीता देवी, कौशल्या कुमारी, खुशबू देवी, प्रीति कुमारी, श्रुति कुमारी, सरिता देवी का गोद भराई कराया गया. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अनिता कुमारी, दीपावली कुमारी, निभा कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, कविता कुमारी, रोशनी कुमारी, सुषमा कुमारी, खुशबू कुमारी, बिंदु कुमारी को लाभान्वित किया गया. पशुपालन विभाग द्वारा योग्य लाभुकों को 5 यूनिट बकरा विकास एवं 5 यूनिट सुकर विकास योजना वित्तीय वर्ष 23-24 का वितरण किया गया। इस मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, अभिषेक सिंह, सन्नी शुक्ला, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, अंचल अधिकारी अमरदीप मल्होत्रा सहित चेरो समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# क्षेत्र के एक-एक गांव का हो रहा विकास : कमलेश सिंह



**विधायक ने किया स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बुलंद बिगहा में स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की एक-एक समस्या का समाधान किया जा रहा है। सड़क, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय भवन के निर्माण से गांव का चहुमुखी विकास हो रहा है। गांव की नली गली का निर्माण विधायक कोटा की राशि से जनता की सहमति लेकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक-एक ग्रामीण सड़कों का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। हुसैनाबाद के अधिकांश स्वास्थ्य उप केंद्र के भवन का निर्माण कराया गया है। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीम बनाई गई है। जो अलग-अलग गांव में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है। उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। कहा कि कहीं गलत होता है तो उस गांव के लोग विधायक या उन्हें सूचना दे सकते हैं। इस मौके पर एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जयप्रकाश उपध्याय, दिलीप सिंह उर्फ खुदी सिंह, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, प्रसाद साव, बबन सिंह, अजय सिंह, जगलाल प्रजापति, महेंद्र सिंह, किसान तिवारी, प्रमोद सिंह, संत सिंह, देवकुमार सिंह, राजेंद्र उपाध्याय, राजकुमार सिंह, पवन सिंह और विनोद सिंह आदि उपस्थित थे।

# देश के जननायक बनकर उभर रहे राहुल हैं गांधी : प्रभात दुबे



**भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट बदला,नए रूट का कांग्रेसियों ने लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 फरवरी को पूर्व निर्धारित समय से विश्रामपुर पहुंचेगा। लेकिन यात्रा के रूट को बदल दिया गया है। अब राहुल गांधी बीमोड़ से पड़वा मोड़ होते हुए नावा बाजार जायेंगे। पहले उन्हें विश्रामपुर इटको होते हुए नावा बाजार जाना था। जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे.युवा कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे उर्फ बड्डू दूबे के नेतृत्व में रविवार को नए रूट का जायजा लिया। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रभात दूबे ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी देश के जननायक बनकर उभर रहे हैं। यात्रा के दौरान उन्हें जनता का अपार समर्थन भी प्राप्त हो रहा है। जिससे भाजपा घबराई हुई है। क्योंकि राहुल गांधी भाजपा को बेरोजगारी और महंगाई पर घेर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों समर्थकों के साथ वे खुद भी शामिल होंगे। विश्रामपुर मे यह यात्रा ऐतिहासिक रहेगा। जिसका फायदा आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मीर खुर्शीद आलम,आरिज आलम, इमदाद अली, सरफराज अनवर, मो खालिद अंसारी थे।

# पं दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा : बबलू

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा नगर मंडल व किसान मोर्चा की ओर से रविवार को भाजपा नेता उदय विश्वकर्मा के काम्प्लेक्स परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहां कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की ही देन है, जो आज हम वट वृक्ष रूपी पौधे के समान इतने विशाल रूप में पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी सोच समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास करने की थी, जिसे हम सभी कार्यकर्ताओं को साकार करना है। उन्होंने कहा कि पंडित दिन दयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, पलामू सांसद के सोशल मीडिया प्रभारी उदय नाथ विश्वकर्मा, संतोष कुमार सिंह, रामेश्वर राम, सुबोध कश्यप, राजेश कर्ण, संतोष गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# सड़क ही विकास का असली पैमाना : रामचंद्र चंद्रवंशी

**पांच दिन पूर्व से सड़क मरम्मती का कार्य जारी, विधायक ने पांचवें दिन किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**उंटारी रोड/पलामू।** प्रखंड अंर्तगत फेकंडीह से बी मोड़ तक लगभग 14 किमी सड़क पथ निर्माण विभाग द्वारा मां छिन्नमस्तिके कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से 900 करोड़ रुपये की लागत से होने वाली सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास रविवार को पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का आनवरन करके किया।इससे पूर्व उन्होंने फेकनडीह मोड़ पर लगे बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पथ मरम्मती शिलान्यास के उपरांत विधायक ने कहा कि सड़क ही विकास का असली पैमाना होता है। उक्त सड़क का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया था लेकिन सड़क कहीं-कहीं खराब हो गयी थी। जिसे देखते हुए इस सड़क का मरम्मती किया जा रहा है। सड़क का मरम्मती गुणवतापूर्ण हो इसके लिए ग्रामीण जायजा लेते रहे। सड़क की मरम्मती अच्छा नहीं होने पर इसकी शिकायत मुझसे करें। उन्होंने संवेदक को गुणवतापूर्ण सड़क की मरम्मती करने की बात कही। पांच दिन पूर्व से ही सड़क मरम्मती का कार्य जारी है जिसका शिलान्यास किया गया। विधायक ने अपने कार्यकाल में उंटारी रोड प्रखंड में किए गए कार्यों का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर व संचालन पूर्व जिला पार्षद सह विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह ने किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, महामंत्री सुनिल तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, रघुवीर चंद्रवंशी, उपप्रमुख खोखन राम, राजाराम मेहता, अगस्त तिवारी, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान आदि मौजूद थे।

# क्षत्रिय जागृति मंच ने शोक सभा कर ललन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** क्षत्रिय जागृति मंच के कार्यालय परिसर में रविवार को प्रबुद्ध समाजसेवी सह भाजपा के लोकप्रिय नेता ललन सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम सिंह ने कहा कि ललन बाबू का संपूर्ण जीवन हमेशा गरीब-गुरबों के सुख-दुख का साथी बनने व सामाजिक विकास के अग्रणी भूमिका में रहा। मौके पर रंजीत कुमार सिंह, श्रीराम सिंह, रामजी सिंह, बालकेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, दूधेश्वर सिंह आदि थे।

## पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार महासम्मेलन , संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद की मेहनत रंग लायी

# महारैली में जितनी संख्या, उतनी भागीदारी की वकालत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार महासम्मेलन में उपस्थित लोगों की मांग का लबोलुआब यह था कि पलामू प्रमंडल की तरह ही झारखंड के पांचों प्रमंडल में ओबीसी अधिकार मंच का गठन होना जरूरी है। संगठित होने से ही ओबीसी की जितनी संख्या है, उतनी सभी चीजों में भागीदारी मिलेगी। हमारे देश का सामाजिक-राजनीतिक ताना-बाना विविधताओं से भरा है। इसके बावजूद हमारी सामाजिक एकता और सौहार्द्र एक विशेषता है। यहां पर रहनेवाले लोग विविध जाति, उपजाति, अलग-अलग धार्मिक अस्तित्व और सांस्कृतिक मान्यता की पहचान के साथ जीवन यापन करते रहे हैं। क्षेत्रीय एवं भाषाई आधार पर लोग अलग-अलग सामाजिक, सांस्कृतिक पहचान के साथ हक-अधिकार के लिए संघर्षरत हैं। सभी जाति सामाजिक-आर्थिक स्तर पर बंटी हुई है। यही कारण है कि पिछड़ी जाति की हालत भी ठीक नहीं है। जैसा हम जानते हैं कि झारखंड 15 नवंबर 2000 को अलग राज्य के रूप में स्थापित हुआ है। यहां पर पिछड़ा वर्ग, ओबीसी की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है। फिर भी सामाजिक-आर्थिक आधार पर ओबीसी को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू है, जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जाति की जनसंख्या के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन में आवाज उठनी शुरू हो गयी है। हर सरकार को पिछड़े वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना ही होगा। अब पिछड़ा वर्ग खामोश नहीं रहेगा। सड़क से सदन तक पिछड़ा वर्ग अपने हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगा। 1953 में कंठा कालेलकर की अध्यक्षता में पिछड़ा आयोग का गठन किया गया था। 1979 में पिछड़े वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मंडल कमीशन का गठन किया गया। 1990 में मंडल कमीशन को लागू करने की सिफारिश की गयी थी। परंतु अब तक मंडल कमीशन के प्रावधानों को धरातल पर नहीं उतारा जा सका है। पुनः जी रोहिणी की अध्यक्षता में पिछड़ा आयोग का गठन 2 अक्टूबर 2017 को भारत सरकार ने किया, जो संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत पिछड़े वर्गों की दशा सुधार के लिए गठित की गयी थी। परंतु रोहिणी आयोग की अवधि अब तक 10 बार बढ़ायी जा चुकी है। फिर भी पिछड़ा वर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गयी है। जाति आधार पर बिहार सरकार ने 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है।

**महासम्मेलन की जरूरत क्यों आन पड़ी :** बिहार सरकार जाति जनगणना कराकर सभी जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की रिपोर्ट सार्वजनिक की है। जिसमें पिछड़े समाज की गरीबी, बेरोजगारी और भूमिहीन जमात के लोग शामिल हैं। इसके बाद पिछड़े वर्ग के प्रगतिशील सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने झारखंड में पिछड़े वर्ग को जाति के अनुपात में आरक्षण की मांग करने लगे हैं। देश की आर्थिक संरचना में कई तरह के विकास और बदलाव होने के बावजूद पिछड़ों के जीवन स्तर में कोई गुणात्मक परिवर्तन नहीं आया है। केंद्र और राज्य सरकार अपने चुनावी फायदे के लिए आरक्षण के लेकर राजनीति करती रही है। वर्तमान सत्ताधारी राजनीतिक प्रक्रिया के कारण पिछड़ा वर्ग अपने-अपने जातीय खेमों में बंटा है। इसके कारण उनके बीच एकजुटता नहीं बन पा रही है। इसका फायदा खासकर सत्ताधारी राजनीतिक पार्टियां उठा रही हैं। इस परिस्थिति में देश के सभी राजनीतिक, समाजिक संगठनों, प्रगतिशील ताकतों को जातीय जनगणना कराने की मांग का समर्थन करना चाहिए और हमें इन मांगों को लेकर पूरी एकजुटता के साथ संघर्ष खड़ा करना चाहिए। इसी निमित पलामू प्रमंडल से इसकी शुरुआत पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच प्रमंडलीय महासम्मेलन कर पिछड़ा वर्ग को जगाने एवं अधिकार लेने के आगाज किया है, जो राज्य और केंद्र सरकार को सजग करेगा। इसके लिए पलामू प्रमंडल के सभी जिला, प्रखंड, पंचायत और गांव स्तर तक जाकर पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में भाग लेने और सफल बनाने के लिए प्रेरित एवं आमंत्रित किया जा रहा है।

### ओबीसी की प्रमुख मांगें

- जाति आधारित जनगणना करा कर जनसंख्या के अनुपात में पिछड़ा वर्ग के पुरुष- महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित की जाये। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक रिपोर्ट जारी की जाये।
- जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था हो।
- नगर निकाय-पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार सीटों को राज्य सरकार आरक्षित करे।
- पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 10000 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता की व्यवस्था की जाये और किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया जाये।
- पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सभी शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के साथ ही नि:शुल्क शिक्षा और बुनियादी सुविधा की व्यवस्था कर उन्हें रहने के लिए छात्रावास की व्यवस्था की जाये।
- पिछड़ा वर्ग के व्यापारियों और बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने के लिए बिना ब्याज के 10 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जाये।
- पिछड़ा वर्ग की लूटी गयी जमीन को उन्हें वापस कराया जाये और लूटी जा रही जमीन जायदाद पर रोक लगाते हुए जमीन संबंधित विवादों का निपटारा कर जमीन लुटेरों के खिलाफ सख्त कानून कार्रवाई करते हुए आपराधिक मामला दर्ज किया जाये।
- पिछड़ा वर्ग के ऊपर हो रहे अन्याय, आपराधिक घटनाएं और हत्या से संबंधित मामले में उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का स्थापना की जाये। साथ ही व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान की जाये।
- पिछड़ा वर्ग आयोग का पुनर्गठन कर उसे सशक्त करते हुए पिछड़ा वर्ग वित्त निगम की स्थापना कर बेरोजगार युवकों-छात्रों को ब्याज मुक्त स्वरोजगार और शिक्षा के लिए ऋण उपलब्ध करायें।
- पिछड़ा वर्ग के व्यवसायियों द्वारा दिये गये कर (जीएसटी और इनकम टैक्स) के अपुपात में 50 वर्ष के ऊपर सभी को पेंशन की व्यवस्था की जाये।
- लातेहार जिला में जिला स्तरीय नौकरियों में नियोजन शून्य है, जिसे झारखंड के अन्य जिलों की तरह ओबीसी समाज को आरक्षण सुनिश्चित किया जाये।

## अंगूठा लगा कर राशन देने से इंकार, मांगने पर पीडीएस संचालक ने महिला से की धक्का-मुक्की



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरासगढ़ वार्ड संख्या 1 के सत्यनारायण मंदिर में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान में अंगूठा लगा कर राशन मांगने पर पीडीएस संचालक द्वारा एक महिला लाभुक के साथ धक्का मुक्की किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इससे नाराज अन्य लोगों ने करीब आधे घंटे तक दुकान के बाहर जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना पाकर कतरास थाना में पद स्थापित प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही संचालक दुकान बंद कर भाग चुका था। हालांकि आरोप है कि बाघमारा बीडीओ डॉ शुश्मा आनंद ने इस समस्या को लेकर फोन करने पर उन्होंने फोन भी नहीं उठाया। भुक्तभोगी निचितपुर निवासी महिला सल्हि सिन्हा ने पुलिस को बताया कि पीडीएस संचालक चंद्र देव शर्मा उर्फ रूखी शर्मा पिछले पांच महीने से अंगूठा लगवाकर राशन देने में टाल मटोल कर रहा था। साइबर में पता चला कि हर महीने उसका राशन उठ रहा है। इस बीच रविवार को पुनः संचालक ने अंगूठा लगवाकर दो दिन बाद राशन लेने को कहा, तो महिला ने नाराज होकर बीडीओ से शिकायत करने की बात कही। इस पर आक्रोशित होकर संचालक ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और धक्का मुक्की कर दुकान से बाहर निकाल दिया। यह देख वहां मौजूद अन्य महिलाओं के साथ संचालक तू-तू, मैं-मैं शुरू हो गयी। वहीं, मौके पर पहुंचे ने आरोपित संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय फुसरो में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अगुवाई भाजपा के फुसरो मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने की। इस अवसर पर भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, मधुसूदन प्रसाद सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला। बताया कि काफी कठिनाइयों के सहते हुए आगे बढ़ते रहे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सदस्यता ली। बताया कि 1951 में इनके अलावा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और बलराज मधु ने मिलकर जनसंघ की स्थापना की। वहीं, मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि फुसरो नगर के सभी बूथों में हमारी पार्टी के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर गांव चलो अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का कार्य किया जाएगा। मौके पर विधानसभा विस्तारक सुखेन मंडल, नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी, न्यू वर्तमान वार्ड पार्षद भरत वर्मा, वैभव चौरसिया, दिनेश सिंह, रोहित मित्तल, जितेंद्र सिंह दीपक गिरि, अजय गिरि, रुपेश वर्मा संतोष कुमार आनंद पाल आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह के आवासीय कार्यालय शास्त्री नगर में बूथ नंबर 136 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि मनाई गई। डॉ उषा सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण और विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है।

## स्वदेशी मेला के दूसरे दिन भी उमड़ी लोगों की भीड़

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वदेशी मेला के दूसरे दिन रविवार को लोगों कि भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने पसंद के समानों की खरीदारी करते दिखे। दूसरी ओर, स्वदेशी जागरण मंच द्वारा मेला में आए दर्शकों और राष्ट्र प्रेमियों के लिए सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पाली में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के बीच स्वावलंबी गांव को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसके उपरांत छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। छात्राओं और महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### विकसित भारत के दृढ़ संकल्प को लेकर जनता ने मोदी जी पर दिखाया है अटूट विश्वास

# तीसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास बनायेगी एनडीए सरकार: रागिनी





पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वर पर माल्यार्पण करती रागिनी सिंह व अन्य। गांव चलो अभियान के तरह लोगों को जागरूक करती रागिनी सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/बोरागढ़।** भाजपा की ओर से गांव चलो अभियान के तहत रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह एक दिवसीय प्रवास को लेकर बोरागढ़ 36 नंबर बूथ पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुई। जिसकी अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने की। जहां सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित उन्हें नमन किया गया। इसके बाद बूथ का सत्यापन कर स्थानीय लोगों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा एवं मोदी जी को वोट देकर उनके हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इस दौरान जगह-जगह दीवार लेखन कार्य और कमल का निशान बनाने का कार्य का शुभारंभ हुआ। रागिनी सिंह 24 घंटे का प्रवास कर विभिन्न बूथों पर जा स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें भाजपा और मोदी जी के हाथों को मजबूत करने को लेकर प्रेरित कर रही हैं। मौके पर राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह, संतोष सिंह, रामप्रकाश सिंह, सुखदेव सिंह, इंद्रजीत सिंह, अनीत सिंह, अनिल सिंह, संतोष शर्मा, रूपेश कुमार, किशोर झा, अशोक महतो, सुधांशु रावत, शंकर कुमार आदि मौजूद थे।

# बाबा तिलका मांझी हमारे आदर्श : लखी सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो धनबाद जिला समिति की ओर से जिलाध्यक्ष लखी सोरेन के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी महान योद्धा बाबा तिलका मांझी की 274वीं जयंती पर नमन किया गया। रविवार को कांको स्थित बाबा तिलका मांझी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा तिलका मांझी देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थें, जिनके नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ पहला सशस्त्र विद्रोह प्रारंभ किया था। उन्होंने आदिवासियों को एकत्रित कर अंग्रेजी हुकूमत के शोषण के खिलाफ विद्रोह किया था। बाबा तिलका मांझी हमारे आदर्श हैं। वहीं, जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि बाबा तिलका मांझी एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। मंगल पाण्डेय से लगभग 70 वर्ष पहले उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया था। अंग्रेजी हुकूमत उनसे थरथरा कांपती थी। आज देश और राज्य में बाबा तिलका मांझी जैसे लोगों कि आवश्यकता हैं जो बिना डरे शोषण और दमन के खिलाफ संघर्ष कर सकें। मौके पर केंद्रीय सदस्य धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद महतो, प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, सचिव रंजीत महतो, मनोज रवानी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू, पारस हांसदा, अमित महतो,नईम अंसारी, मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के प्रतिवाद में मथुरा महतो के नेतृत्व में निकाली गयी जनाक्रोश रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के केंदुआटांड सड़क का नामकरण शहीद वीरेंद्र हांसदा किया गया। साथ ही टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा रविवार को विधिवत इसका उद्घाटन किया गया। इसी बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के प्रतिवाद में हजारों समर्थकों के साथ विधायक ने जनाक्रोश रैली निकाली। जिसकी अध्यक्षता पूर्वी टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू ने की। रैली में जुटे सभी कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा बुलंद किया। इस रैली को संबोधित करते हुए टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि आए दिन केंद्र सरकार के इशारे पर बेवजह इडी हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है। बिना किसी सबूत के साजिश के तहत जेल में भी डाल दिया है। इस रैली में प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, अजीत मिश्रा, रामचंद्र मुर्मू, सुनील मुर्मू ,तपन मंडल, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, आनंद महतो आदि मौजूद थे।

### विडंबना : कुलटांड और राधानगर आंगनबाडी स्कूल सात वर्ष बाद भी नहीं हो सका शुरू

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा आंगनबाड़ी केंद्र, मवेशियों-नशेड़ियों ने जमाया डेरा







समिद खान

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड के पदुगोड़ा पंचायत अंतर्गत कुलटांड़ एवं राधानगर गांव में बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा के लिए बनाये गये आंगनबाडी स्कूल भ्रष्टाच की भेंट चढ़ चुका हैं। विगत 8 वर्षों से गांव के आंगनवाड़ी केंद्र अर्धनिर्मित अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसकी शिकायत गांव के ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों सहित प्रखंड के अधिकारियों से कर चुके हैं। बावजूद इसके अबतक प्रखंड के अधिकारियों ने मामले की सुध नहीं ली है। बतातें चलें कि केंद्र सरकार की महत्त्वकांची योजना के तहत बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के साथ ही कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाने वाले आंगनबाड़ी केंद्र को सरकार द्वारा हाइटेक बनाने की कवायद की जा रही है। पर महिला विकास विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकार की मंशा फलीभूत होती नजर नहीं आ रही है। अधिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि बाघमारा प्रखंड के पदुगोड़ा पंचायत में ऐसे कई अन्य आंगनबाडी केंद्र हैं, जिसका निर्माण कई वर्षों पहले कराया गया हैं, जो आज भी अधूरे पड़े हैं। मोटी कमाई के चक्कर में भ्रष्टाचारियों द्वारा निम्न गुणवत्ता वाले समाग्रियों का इस्तेमाल कर जैसे-तैसे बिल्डिंग तो बना दिया गया। पर ये बिल्डिंग आज भी अधूरे हैं, जो धीरे-धीरे खंडर में तब्दील होकर भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं। उधर, उक्त बिल्डिंग अब शराबियों और जुवेड़ियों का सुरक्षित अड्डा बन चुका हैं। इसके बारे में ग्रामीणों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड के अधिकारियों से लिखित शिकायत भी किया। ग्रामीणों के अनुसार धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष को भी इसकी जानकारी हैं, लेकिन अबतक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि पदुगोड़ा उनका गृह पंचायत हैं। असलियत में अधिकांश बनाये गये नये भवन खंडर में तब्दील हो चुकी हैं। मजबूरन पुराने जर्जर भवन में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। बच्चों के पालकों में इस बात के लेकर नाराजगी भी है। यही कारण है कि वे अपने बच्चों को केंद्र पर भेजने से भी कतराते हैं। ऐसे में मामले की जानकारी होने के बावजूद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारियों का यह रवैया उनकी कर्तव्य निष्ठा और मंशा पर सवाल खड़ा कर रहा है।

दूसरी ओर, मामले पर पूर्व मंत्री स्व ओपी लाल के पुत्र कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र में बने आंगनवाड़ी केंद्र भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। गांव का विकास राष्ट्र का विकास है। ऐसे में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पोषण एवं स्कूल पूर्व शिक्षा देने वाली आंगनवाड़ी केंद्र का अधूरा होना राष्ट्र के विकास में बाधक है। गांव की स्वास्थ्य माताएं स्वस्थ्य शिक्षित एवं बेहतर भविष्य तैयार करती हैं। ऐसे में 8 वर्षों से अधूरे पड़े आंगनवाड़ी केंद्र को पूर्ण कराने के लिए उचित प्लेटफार्म पर हर संभव प्रयास किया जाना चाहिये। साथ ही किस कारण से आंगनवाड़ी केंद्र अबतक अधूरा पड़ा है इसकी जांच विभागीय स्तर पर कराई जानी चाहिये। और इसमें शामिल तमाम दोषी पदाधिकारियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर कांग्रेस नेता शेख गुड्डू ने कहा कि ग्रामीणों को मिलने वाले विकास योजनाओं की प्राथमिक संस्थाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों की मांग पर आंगनवाड़ी केंद्र अविलंब पूर्ण किया जाए। जिले के विभागीय पदाधिकारियों को कड़ी चेतावनी है। अन्यथा वे इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

वहीं, पूर्व वार्ड सदस्य संजय दास ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा के कारण आजतक ये केंद्र अधूरे हैं। पूर्व मुखिया ममता देवी का पुत्र विकास अग्रवाल द्वारा ठेकेदारी प्रथा चलायी गयी हैं। इसके निर्माण कार्य में न तो लाभुक समिति काम किया हैं ना ही कोई ग्रामीण। इसकी जांच होनी चाहिये कि इस योजना के अध्यक्ष एवं सचिव कौन हैं। अधिकारियों की अनदेखी के कारण ये भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया। उधर, सेविका ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों को दी गई ये महत्वकांछी योजना आज खंडर में तब्दील हो चुकी हैं। इस आंगनबाड़ी के निर्माण के बारे में मुझे किसी ने जानकारी नहीं दी हैं। कई वर्ष बीत गये पर आजतक इसकी किसी अधिकारी ने जांच नहीं की हैं। इस लिए हमलोग पुराने आंगनबाड़ी केंद्र में ही बच्चों को पढ़ने के लिये विवश हैं। अब यह खंडरनुमा भवन मवेशियों का अड्डा बना हुआ है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जश्रसं का मिलन समारोह, शामिल हुई रागिनी सिंह



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास के टीलाटांड़ में रविवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) सह भाजपा का मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जश्रसं की महामंत्री व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी शामिल हुई। उनका ढोल नगाड़े और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। इस बीच, कतरास में युवा नेता धर्मेंद्र गुप्ता एवं विवेक हजारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रागिनी सिंह में आस्था व्यक्त करते हुए जश्रसं का दामन थाम लिया। संकल्प लिया है कि जश्रसं के मजदूर के हक-अधिकार की लड़ाई में वे रागिनी सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेंगें। वहीं, रागिनी सिंह ने शामिल सभी युवा साथियों का माला पहनाकर संगठन में स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

### रक्तदान करने से शरीर रहता है स्वस्थ : सूरज शर्मा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चिन्मय विद्यालय में चिन्मय एलुमिनी संगठन की ओर से इंडियन रेड क्रॉस समिति के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 66 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार एवं एलुमिनी संगठन के अध्यक्ष रंजीत, सचिव शशिकांत सहित आदि ने रक्तदान कर लोगों को जागरूक किया। सर्वप्रथम आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती एवं विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने रक्तदान कर सभी रक्त वीरों का मनोबल बढ़ाया इस अवसर पर संजीव मिश्रा, सेवल गुप्ता, मनीष त्रिपाठी, सोनाली गुप्ता, चंदन भाटिया, अंशु, प्रवीण सिंह, डॉ पल्लव, अजय, रजनीश चौधरी, रणविजय ओझा, रणधीर नारायण, प्रवीण कुमार सिंहा, श्रेया गुप्ता, मनीषा श्रीवास्तव, नेहा सिंह, प्रतिभा, आभा सिंह, दिनेश कुमार आदि ने रक्तदान कर लोगों से आग्रह किया कि रक्तदान में बढ-चढ कर हिस्सा लें. रक्तदान करने से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है साथ ही एक मानवीय कार्य करने का आनंद भी मिलता है।

### शांति-सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनायें सरस्वती पूजा: एसडीपीओ



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जमुआ थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता खोरी महुआ एसडीपीओ साजिद जफर ने की। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से अपील की कि सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। उन्होंने पूजा स्थल के आसपास हुडदंगियों पर नजर रखने की बात कही। साथ ही शांति-सौहार्द बिगाड़ने वालों की खबर मिलते ही पुलिस-प्रशासन को सूचित करने की अपील की। वहीं, बैठक में पूजा समितियां ने विधि व्यवस्था को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उक्त अवसर पर प्रशिक्षु एसडीपीओ सह जमुआ थाना प्रभारी नीलम कुज्जूर ने कहा कि इस क्षेत्र में शराब बिक्री और अवैध जमावड़ा की सूचना जमुआ थाना को दे। पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जमुआ अंचल अधिकारी संजय पांडेय, थाना प्रभारी बिपिन कुमार आदि ने सरस्वती पूजा में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की बात कही। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव उर्फ लाटी, उप प्रमुख रब्बुल हसन रवानी, बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम, भाजपा नेता दिगंबर दिवाकर, कांग्रेस नेता महसर इमाम, माले नेता असगर अंसारी, कांग्रेस नेता सच्चिदानंद सिंह आदि मौजूद थे।

### डीएसपी एवं थाना प्रभारी की अध्यक्षता में बैठक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत नए डीएसपी शंकर कामती एवं थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को ध्यान में रखते हुए, गोविंदपुर प्रखंड के प्रतिनिधियों के साथ रविवार को बैठक हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी और जिला परिषद सोहराब अंसारी ने डीएसपी एवं थाना प्रभारी को शॉल देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद बारी-बारी से सभी प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया, जिसमें मुख्य रूप से रोड जाम, हुड़दंगाई, नेशनल हाईवे में लगातार हो रहे दुर्घटना और कई अन्य समस्या को उठाया। इसमें सस्ती पूजा में बजा एवं मूर्ति विसर्जन के दौरान कोई दुर्घटना नहीं होने को लेकर बात हुई। डीएसपी एवं थाना प्रभारी ने सभी को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं से जल्द से जल्द निपटारा कर लिया जाएगा। फिलहाल हम लोग पूजा को ध्यान में रखते हुए इस पर कोई घटना दुर्घटना ना हो इसलिए आप लोगों की सहयोग की अपेक्षा और मदद की जरूरत है। मौके पर डीएन सिंह ,विनोद रजवार, मिहिर मंडल, अनवर अंसारी, गोविंद महतो, मोइन अंसारी, एजाज अहमद, राजकिशोर गोप, प्रखंड के सरपंच, वार्ड पार्षद, थाना के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग ने की फाइलेरिया उन्मूलन दवा की शुरुआत



**निरसा (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड सह अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में स्वास्थय विभाग की ओर से फाइलेरिया उन्मूलन दवा की शुरूआत की गई। जिसमे 5 वर्ष के बच्चे से लेकर 60 वर्ष के आयु के बुजुर्गों को दवा की खुराब दी जाएगी। फाइलेरिया उन्मूलन दवा की एग्यारकुंड उत्तर और दक्षिण पंचायत के कई प्राथमिक विद्यालय में खिलाया गया। इस संबंध में निरसा सीएचसी प्रभारी संजय पासवान ने बताया कि स्वास्थय सहिया व आंगनबाड़ी केंद्र सेविका की ओर से 25 फरवरी तक सभी विद्यालयों और घर-घर जाकर फाइलेरिया उन्मूलन की दवा देना है। सरकार का उद्देश्य है फाइलेरिया को जीरो तक लाना है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## कोल इंडिया मैराथन में दिखी जोश-स्टेमिना की जंग

# झारखंड में टैलेंट की कमी नहीं: पीटी उषा

- अक्षय और सोनिका ने दिखायी दबंगई




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में रविवार को राजधानी में कोल इंडिया मैराथन में जोश और स्टेमिना की जंग दिखी। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से मैराथन दौड़ सुबह 4.30 बजे शुरू हुई। कांके रोड होते हुए यह पुनः मोरहाबादी में आकर संपन्न हुई। फुल मैराथन 42 किमी में पहले तीन स्थान पर अक्षय कुमार, हेमंत कुमार और अजय कुमार रहे। महिला वर्ग में सोनिया, रेणु और भारती पहले तीन स्थानों पर रहीं।

इसके अलावा हाफ मैराथन 21 किमी में पुनीत यादव, हेमंत सिंह और लोकेश चौधरी टॉपर तीन स्थानों पर आये। महिला वर्ग में पहला स्थान रेणु सिंह, दूसरा रेशमा और तीसरा छवि यादव को मिला। 10 किमी की रेस में महिला वर्ग में पहले तीन स्थानों पर रुबी कश्यप, पूनम और प्रिणू यादव रहीं। पुरुष वर्ग में पहले स्थान पर दिनेश, दूसरे पर बलराम और तीसरे पर आनंद सिंह रहे। इसके अलावा पांच किमी की रेस में भी महिलाएं-पुरुष एथलीटों ने दमखम दिखाया। दौड़ के बाद विजयी प्रतिभागियों के बीच 33 लाख से अधिक की इनामी राशि बांटी गयी।

**8000 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह :** मैराथन दौड़ में देश भर के 8000 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें 6100 पुरुष, जबकि 1400 महिला एथलीट भी शामिल थीं। सीसीएल के भी 500 से अधिक गेस्ट ने इसमें उत्साह दिखाया। इस मैराथन दौड़ में देश की महानतम एथलीट पीटी उषा भी आकर्षण का केंद्र रहीं, जो प्रतिभागियों को खास तौर पर सपोर्ट करते हुए दिखायी दीं।

बता दें कि रांची में कोल इंडिया मैराथन दौड़ का आयोजन दूसरी बार हुआ। पिछले साल 2023 में इसका आयोजन पहली बार हुआ था। इस बार के आयोजन में भी कई प्रतिभागी भारत के कोने-कोने से आये। मैराथन दौड़ कार्यक्रम के दौरान आइओसी की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि झारखंड में टैलेंट की कमी नहीं है। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कहा कि यह आयोजन झारखंड में दूसरी बार है। लोगों में उत्साह देखने लायक है। पिछली बार से इस बार भारी तादाद में प्रतिभागी शामिल हुए थे। दूसरे आयोजन से हम सब बहुत खुश हैं कि यहां इतने प्रतिभागी शामिल हुए।

# प्राकृतिक उत्पादों से बनेंगी दवाएं

## अमेरिकी कंपनियों के साथ काम करेगी सोआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) और अमेरिका स्थित थिंक फार्मा और आयुर्बिद्या हेल्थकेयर इनोवेशन ने जटिल विकारों के इलाज के लिए प्राकृतिक उत्पादों से दवाएं विकसित करने के लिए संयुक्त अनुसंधान में रुचि व्यक्त की है।

संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक और प्रख्यात वैज्ञानिक और थिंक फार्मा एवं आयुर्बिद्या हेल्थकेयर इनोवेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी डॉ मुकुंद एस चोरघाडे के बीच मुलाकात के दौरान इस रिश्ते पर चर्चा हुई है। इस चर्चा के दौरान अन्य वैज्ञानिक भी मौजूद थे।

# भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने हेसल के मतदान केंद्र में किया प्रवास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनगड़ा मंडल भाजपा द्वारा रविवार को हेसल स्थित बूथ नंबर 105 में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने प्रवास किया। इस दौरान वे अपने पोषक क्षेत्र के मतदाताओं से मिले। साथ में भोजन किया। जनसंपर्क अभियान चला कर मतदाताओं को मोदी सरकार द्वारा पिछले एक दशक के दौरान किया गया नीतिगत बदलाव, विकास योजना, कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही बूथ अध्यक्ष प्रताप महतो के आवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाया।

जैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आत्मनिर्भर एवं नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, प्रताप महतो और कार्तिक महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंटर कॉलेज यूथ फेस्ट रीझ रंग 2024 : रांची यूनिवर्सिटी के आंगन में उतरी लोक संस्कृति

# मन में है विश्वास, छात्र होंगे कामयाब: कुलपति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय इंटर कालेज यूथ फेस्ट रीझ रंग 2024 का समापन रविवार को हो गया। इस दौरान रांची यूनिवर्सिटी के आंगन में मिनी इंडिया की झलक दिखायी पड़ी। कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मेडल पहना कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कुलपति ने विभिन्न इवेंट में छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रदर्शन की प्रसंशा की और कहा कि आश्वस्त हूं कि रांची विश्वविद्यालय के छात्र बरहमपुर विश्वविद्यालय में होनेवाले इस्ट जोन यूथ फेस्ट में विनर होंगे।

**अप्रैल में पहली बार स्पोर्ट्स कान्वोकेशन :** समारोह में कुलपति ने कहा कि अप्रैल 2024 में स्पोर्ट्स कान्वोकेशन करायेंगे। यह अपने प्रकार का पहला आयोजन होगा।

कुलपति ने हॉकी और फुटबॉल में रांची विश्वविद्यालय के बेहतरीन प्रदर्शन की चर्चा की। वर्तमान कल्चरल कमेटी अभी कार्यरत रहेगी और अपनी देख-रेख में छात्रों से अगले इस्ट जोन की तैयारियां करेगी।

**प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दम :** तीन दिन तक चले रीझ रंग 2024 फेस्ट में 11 इवेंट के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता हुई, जिसमें रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों और पीजी विभागों के छात्रों ने भाग लिया। समापन समारोह का संचालन डॉ स्मृति सिंह, डॉ किशोर सुरीन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ विनोद नारायण ने किया।

**ये रहे मौजूद :** डॉ हरि उरांव, निदेशक डॉ बीपी सिन्हा, आरके शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार विधानसभा क्षेत्र के कूबरी से मसनोडिह में सड़क निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं राजधनवार के विधायक बाबूलाल मरांडी, रंजन, उदय सिंह, सुनील साहू,पवन साहू, श्रीकांत राय, प्रद्युमन सिंह, कैलाश राय और कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# साहित्यकार सातकोडी होता का निधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विशिष्ठ साहित्यकार, ओड़िशा साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सातकोडी होता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सातकोड़ी होता को राज्य की एक प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध साहित्यकार के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त थी। उन्होंने कई उच्च कोटि की कहानियों, उपन्यासों, कविताओं और अनुवादित साहित्य की रचना करके उड़िया साहित्य जगत में अपनी अमिट स्मृति छोड़ी है। उनकी ख्याति एक कुशल संगठनकर्ता और पत्रकार के रूप में भी थी। उन्होंने कहा कि उनका निधन उड़िया साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि स्वर्गत सातकड़ी होता का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने स्वर्गत होता की अमर आत्मा की कामना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।







# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आइआइटी भुवनेश्वर अनुसंधान और उद्यमिता पार्क की 100 क्यूब स्टार्ट-अप पहल का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को आइआइटी भुवनेश्वर के अनुसंधान और उद्यमिता पार्क की परिवर्तनकारी 100-क्यूब स्टार्ट-अप पहल का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मूल लक्ष्य 100 स्टार्ट-अप तैयार करना है, जिनमें से प्रत्येक का मूल्यांकन 2036 रुपये में ओड़िशा की 100वीं वर्षगांठ तक 100 करोड़ हो जाये। आइआइटी भुवनेश्वर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ आरपी सिंह ने समाज की भलाई के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विवेकपूर्ण उपयोग करके संतुलन के साथ-साथ नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

टीवी नरेंद्रन, एमडी और सीईओ, टाटा स्टील, जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यपालक डॉ विवेक लाल, डॉ आशीषकुमार चौहान, एमडी और सीइओ, एनएसइ, डॉ टीटो ग्रोनो, मंत्री, डिप्टी हेड मिशन, फि नलैंड, डॉ चिंतन वैष्णव, मिशन डायरेक्टर, अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग और मधुमिता अग्रवाल, सह-संस्थापक और सीइओ, ओबेन इलेक्ट्रिक ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने कार्यक्रम और 100 क्यूब पहल की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि 100 क्यूब स्टार्ट-अप पहल ओड़िशा को उद्यमिता के केंद्र के रूप में स्थापित कर देश में स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में आइआइटी भुवनेश्वर की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर के पर आइआइटी भुवनेश्वर ने 100 क्यूब उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतिक सहयोग बनाने हेतु 16 कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इसके अलावा, ऑयल इंडिया लिमिटेड के सीएमडी रंजीत रथ ने आइआइटी भुवनेश्वर द्वारा शुरू किये गये 4 स्टार्ट-अप को 3.5 करोड़ के अनुदान चेक भी सौंपा।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले 1500 सीटों वाले सभागार का उद्घाटन किया और 450 करोड़ की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की ई-नींव रखी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शुभांकर पति, सीइओ, रिसर्च एंड एंटरप्रेन्योरशिप पार्क, आइआइटी भुवनेश्वर ने दिया।







# भारत वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम कर रहा है : अश्विनी वैष्णव



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ग्लोबल बिजनेस समिट में कहा कि भारत अब वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात की योजना पर काम कर रहा है। भारतीय रेलवे को कथित तौर पर अपने प्रमुख लोकोमोटिव, वंदे भारत के निर्यात के लिए कई देशों से प्रश्न प्राप्त हो रहे हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि देश में रेलवे के मौजूदा बुनियादी ढांचे को बदलने और उन्नत करने पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया है। यह माननीय प्रधान मंत्री के भविष्य के 50 वर्षों के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है। श्री वैष्णव ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में हर क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है और उन्होंने जल्द ही अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात करने के उद्देश्य से वंदे भारत ट्रेनों को बढ़ाने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। वैष्णव ने गर्व से कहा कि हमने मेड-इन-इंडिया उपकरण का उपयोग करके 16 महीनों के भीतर इसे हासिल किया, जिससे हमारी तकनीक वैश्विक मानकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो गयी। वैष्णव ने यह भी कहा कि यदि हम महानता की आकांक्षा रखते हैं, तो हमें दूरदर्शी योजनाओं को अपनाना चाहिए। इस संबोधन में तकनीकी प्रगति और समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एक दूरदर्शी एजेंडा को शामिल किया गया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**